www.tamsasanket.com

वर्षः 29 || अंक 340 || अम्बेडकरनगर

सोमवार

09 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 06:23
सूर्यास्तः 06:11
अधिकतमः 35°00
न्यूनतमः 21°00




विशेष समाचार: कच्चा तेल खरीद में अमेरिका... >> पेज 04 | दो बच्चों की हत्या कर पिता... >> पेज 06 | शाहरुख खान ने फिल्म...

## महिला दिवस पर योगी सरकार का बड़ा तोहफा, लड़कियों को जल्द फ्री में स्कूटी बांटेंगे

# ‘पिंक रोजगार महाकुंभ में रोजगार के अवसर’



कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यक्रम**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । अंतर-राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में महिलाओं के सशक्तिकरण और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां रोजगार के अवसरों की तलाश में पहुंचीं।

इस विशेष आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना था। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। युवतियां पंजीकरण काउंटर पर अपनी जानकारी दर्ज कराकर विभिन्न कंपनियों और संस्थानों द्वारा आयोजित इंटरव्यू में शामिल होने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती नजर आईं।

>> (शेष पेज 06 पर)



सीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐलान किया कि बहुत ही जल्द हम छात्राओं को फ्री में स्कूटी देने जा रहे हैं। ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट फाइनल ईयर की छात्राओं को फायदा होगा। अब बेटी किसी पर निर्भर नहीं रहेगी। सरकार उनकी पढ़ाई और नौकरी दिलाने में मदद करेगी।

दुराचारियों का अब चौराहे पर टिकट काट देते हैं यमदूत : योगी

### कन्या सुमंगला योजना के तहत वितरित किए चेक

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत कई बच्चियों को आर्थिक सहायता के चेक भी वितरित किए। यह योजना बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक छोटी बच्ची को टेडी बियर देकर स्नेह भी जताया। यह दृश्य कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए काफी भावुक और प्रेरणादायक रहा।

### 5 हजार महिलाओं को रोजगार का लक्ष्य

सरकार का लक्ष्य इस पिंक रोजगार महाकुंभ के माध्यम से लगभग 5,000 महिलाओं और युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इसके लिए विभिन्न निजी कंपनियों, संस्थानों और संगठनों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने योग्य उम्मीदवारों का इंटरव्यू लेकर चयन प्रक्रिया शुरू की। इस महाकुंभ में आई कई युवतियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे उन्हें सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलने और नौकरी पाने का अवसर मिलता है।

### संगम पोर्टल मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए संगम पोर्टल मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया गया। यह ऐप नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं और कंपनियों के बीच एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। इस ऐप के माध्यम से उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और कंपनियां भी उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन आसानी से कर सकेंगी।



### नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र

पिंक रोजगार महाकुंभ के दौरान 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। इन महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक और प्रशासनिक कार्यों के लिए नियुक्त किया गया है। >> (शेष पेज 06 पर)

मुख्यमंत्री ने एक युवती से बातचीत करते हुए कहा, “खूब पढ़ाई करो और अपने जीवन में आगे बढ़ो। मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।” मुख्यमंत्री की यह बात सुनकर वहां मौजूद युवतियों के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया।

### सीएम ममता के धरने का तीसरा दिन

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी है। TMC सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP ‘इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल’ कर रही है। उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा - एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, BJP ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि BJP का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है।

## हिमाचल-विदर्भ में हीटवेव, महाराष्ट्र के अकोला में पारा 40.8 डिग्री

### एमपी-राजस्थान में भी तापमान 35डिग्री से ज्यादा

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरा-दून । मार्च की शुरुआत के साथ ही देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, पंजाब और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में पारा 35C के पार पहुंच गया है। पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से 8 से 12 मार्च के बीच जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

कश्मीर घाटी में कुपवाड़ा, बांदीपोरा, गांदरबल और अनंतनाग के कुछ इलाकों में हल्की बर्फबारी और बारिश होगी। वहीं पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, केरल और आंध्र प्रदेश में बारिश की संभावना है। दिल्ली में तो मार्च के पहले हफ्ते में ही 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां शनिवार को पारा 35.7C पहुंच गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र के विदर्भ, हिमाचल और आंध्र प्रदेश में आज हीटवेव का अलर्ट है।

>> (शेष पेज 06 पर)



2 दिन बाद हिमालयी राज्यों में बारिश-बर्फबारी संभव

## राष्ट्रपति विवाद पर मोदी बोले ये राष्ट्रपति का नहीं संविधान का अपमान

# ‘ममता को जनता सबक सिखाएगी’

**भाषण**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए TMC को माफ नहीं करेगी, उन्हें जनता सबक सिखाएगी।

PM नई दिल्ली में एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में जो हुआ वो राष्ट्रपति का नहीं संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि अहंकार से भरा व्यक्ति, चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, आखिर में बर्बाद हो जाता है। >> (शेष पेज 06 पर)



**33500** करोड़ के प्रोजेक्टस का पीएम मोदी मे दिल्ली में उद्घाटन किया। साथ ही जनता को संबोधित किया।



### 2 मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन, 3 का शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया और तीन और मेट्रो लाइनों की नींव रखी, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कई ज़रूरी जगहों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार के जनरल पूल रेजिडें-शियल अकोमोडेशन (GPRA) रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 15,200 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और नींव भी रखी।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

देहरादून । उत्तराखंड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हेलिकॉप्टर की श्रीनगर में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद उन्हें करीब चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। दोपहर करीब एक बजे हेलिकॉप्टर उतरने के बाद राज्यपाल को श्रीनगर स्थित पुलिस गेस्ट हाउस ले जाया गया, जहां वे शाम तक रुके रहे।

उत्साह **पर्व**

### इंदौर में मिसाइलों से उड़ा गुलाल, रंगीन हो गया आकाश

इंदौर/उज्जैन/भोपाल/ग्वालि-यर/जबलपुर । रंगपंचमी पर्व पर रविवार को मध्य प्रदेश रंगों और गुलाल से सराबोर रहा। इंदौर में टोरी कॉर्नर की गेर में तीन टैंकरों पर मिसाइलें लगाकर रंग बरसाया गया। ऑपरेशन सिंदूर की याद में टैंक से रंगीन पानी की बौछार की गई। नगर निगम की गेर में हाथी की प्रतिकृति की सूंड से रंगीन पानी लोगों पर डाला गया। इस दौरान इतना गुलाल उड़ा कि आकाश रंगीन नजर आने लगा। मॉरल क्लब समिति की गेर में 15 ब्लोअर मशीनें, 6 डीजे गाड़ियां, एक बड़ी बोरिंग मशीन और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अलग-अलग झांकियां चलती रहीं।

### कमल हासन ने ट्रम्प से कहा-अपने काम से काम रखो

नई दिल्ली। कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन लेटर लिखकर, उन्हें अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने दबे शब्दों में डोनाल्ड ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रशिया से तेल लेने की छूट दी है।

## राष्ट्रपति दौरा विवाद : गृहसचिव ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

### कहा-वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता/नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है।

सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था। अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट आज गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी कहा था कि ये शर्मानाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)



राष्ट्रपति मुर्मू 7 मार्च को गोपालपुरा में 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुई थीं।

## बेरूत के होटल को निशाना बनाया, हिजबुल्लाह ने जवाबी हमले का दावा किया

# लेबनान में इजराइली हमले में 15 की मौत

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । लेबनान में शनिवार रात हुए इजराइल के हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 15 लोग घायल हुए हैं। हमलों में राजधानी बेरूत के एक होटल को निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई।



वहीं जबल अल-बतूम और कफ्र रुम्मान शहरों में हुए हमलों में पांच लोगों की जान गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इजराइली एयर स्ट्राइक हुई हैं। इस बीच ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने जवाबी कार्रवाई का दावा किया है। संगठन ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-मलिकिया सैन्य ठिकाने पर मौजूद इजराइली सैनिकों को रॉकेटों से निशाना बनाया। >> (शेष पेज 06 पर)



### ईरान बोला- अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ‘आत्मरक्षा का कानूनी अधिकार’

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमले आत्मरक्षा के तहत किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि यह युद्ध ईरान की पसंद नहीं है, बल्कि अमेरिका और इजराइल ने उस पर थोप दिया है।

दिए एक इंटरव्यू में अराघची ने कहा, “यह वह युद्ध नहीं है जिसे हमने चुना है। यह युद्ध अमेरिका और इजराइल ने हम पर थोपा है।” उन्होंने इस संघर्ष को “बिना उकसावे के, अनुचित और अवैध” बताया। ईरानी विदेश मंत्री के मुताबिक ईरान की जवाबी सैन्य कार्रवाई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रही है।

- ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है।
- इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।
- 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया।
- यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई है।
- जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं।

**कार्रवाई :** अब तक 8 आरोपी पकड़े गए ■ दिल्ली में होली पर युवक की हत्या हुई थी

# रंग का गुब्बारा विवाद में मर्डर आरोपी के घर बुलडोजर एक्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली में नगर निगम प्रशासन ने रविवार को मर्डर के आरोपी निमामुद्दीन का घर का अतिक्रमण वाला हिस्सा बुलडोजर से ढहा दिया। यह एक्शन उत्तम नगर इलाके की जेजे कॉलोनी में आरोपी निजामुद्दीन के खिलाफ लिया गया। इस दौरान भारी पुलिस मौके पर तैनात रही। दरअसल 4 मार्च को होली पर रंग का गुब्बारा फेंकने पर हुए विवाद में निमामुद्दीन समेत कई लोगों ने तरुण (26) नाम के युवक की हत्या की थी। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



पुलिस ने हत्या के आरोपी निमामुद्दीन के घर का अतिक्रमण का हिस्सा ढहा है।

घटना के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क जाम की गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के बाद ट्रैफिक खोला था।



भीड़ ने निजामुद्दीन के घर का सामान निकालकर उसमें आग लगाई थी।

### तरुण के पिता बोले- आरोपियों को फांसी हो

तरुण के पिता की मांग है कि आरोपियों को फांसी की सजा हो। उनके घर पर बुलडोजर चले। हमारे बेटे को न्याय मिलना चाहिए। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि इस मामले की सही और निष्पक्ष जांच होगी। आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। परिवार को मुआवजा भी दिया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### बच्ची ने गुब्बारा फेंका, मुस्लिम महिला पर छीटें पड़े

दरअसल, 4 मार्च को होली वाले दिन उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में तरुण सिंह (26) के घर की 11 साल की बच्ची छत से नीचे रंग के गुब्बारे फेंक रही थी। उसने एक गुब्बारा अपने ताऊ पर फेंका। पानी के छींटे रास्ते से गुजर रही मुस्लिम महिला पर पड़े।

तरुण के बड़े भाई अरुण के मुताबिक महिला इस पर नाराज हुई। उसका तरुण के परिवार से विवाद हुआ। तरुण के परिवार ने महिला से माफी मांगी, लेकिन महिला उन्हें अपशब्द कहती रही।

>> (शेष पेज 06 पर)

# 7 दिन में खाड़ी देशों से लौटे 52000 भारतीय

### 32,107 को भारतीय एयरलाइंस लेकर आईं

**वापसी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । विदेश मंत्रालय ने शनिवार को पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे। इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिए, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिए वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। MEA ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है।

>> (शेष पेज 06 पर)



अकेले इजराइल में रहते हैं 41 हजार इंडियन

## मोदी जी की अमेरिका-परस्त और कमजोर विदेश नीति ने देश को महंगाई की आग में झोंक दिया: संजय सिंह

# मोदी सरकार ने देश को महंगाई का तोहफा दिया : संजय सिंह

**बढ़ोतरी**

- घरेलू गैस सिलेंडर 60 और कमर्शियल सिलेंडर 120 महंगा




**ईरान जैसे परंपरागत मित्र देश से रिश्ते खराब कर देश की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में डाल दी: संजय सिंह**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को महंगाई का नया तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 और कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 120 की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे देश की आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ा है। संजय सिंह ने कहा कि यह महंगाई किसी वैश्विक परिस्थिति की वजह से नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत और कमजोर नीतियों का परिणाम है, जिन्होंने जानबूझकर देश को महंगाई की आग में झोंकने का काम किया है। संजय सिंह ने कहा कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा हार्मोज़ समुद्री मार्ग से आता है, जिसका लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान के नियंत्रण क्षेत्र में पड़ता है और इसी मार्ग से भारत की लगभग 50 प्रतिशत गैस और 60 प्रतिशत कच्चा तेल आता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उन्होंने ईरान जैसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक मित्र देश से रिश्ते खराब कर दिए। संजय सिंह ने कहा कि हमले के दो दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी इजरायल क्यों गए, जहां उन्हें एक फर्जी मेडल पहनाया गया और जहां से वह यह कहकर लौटे कि इजरायल हमारे लिए "फादरलैंड" है। उन्होंने कहा कि मोदी के भारत लौटने के तुरंत बाद इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो गया और ईरान के सुप्रीम लीडर खामिनेई की हत्या कर दी गई, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से उनके लिए संवेदना के दो शब्द भी नहीं निकले। संजय सिंह ने कहा कि इस संघर्ष में 160 स्कूली बच्चियों की मौत हो गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनके लिए भी संवेदना के दो शब्द नहीं कहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ईरानी नौसेना के एक जहाज को भारत में मेहमान के रूप में बुलाया, लेकिन जब वह जहाज वापस जा रहा था तो भारत की सीमा के पास अमेरिकी सेना ने उसे गिरा दिया और उसमें कई लोगों की मौत हो गई, फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से विरोध या संवेदना का एक शब्द तक नहीं निकला।

**ट्रंप भारत का अपमान करते रहे लेकिन प्रधानमंत्री के मुंह से विरोध के दो शब्द भी नहीं निकले**

**मोदी जी ने देश की आजादी और स्वाभिमान को अमेरिका के हाथों गिरवी रख दिया**

**एपस्टीन फाइल के दबाव में फंसे प्रधानमंत्री अब देश का सम्मान नहीं बचा सकते, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए**
**- संजय सिंह**

### अमेरिका ने भारत पर दबाव बनाया

संजय सिंह ने कहा कि जब-जब अमेरिका ने भारत पर दबाव बनाया तब-तब देश के प्रधान-मंत्रियों ने मजबूती से उसका सामना किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह और इंदिरा गांधी जैसे नेताओं ने कभी भी अमेरिका की दादागिरी के सामने घुटने नहीं टेके। अमेरिका ने भारत के परमाणु परीक्षण के बाद भी आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, 1971 के युद्ध के दौरान भी भारत का विरोध किया था और 1965 के युद्ध में भी पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई के समय भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। इसके बावजूद देश के नेतृत्व ने राष्ट्रीय स्वाभिमान से समझौता नहीं किया।

**संजय सिंह ने कहा कि ट्रंप ने यहां तक कह दिया कि वह नरेंद्र मोदी का करियर बर्बाद कर सकते हैं, लेकिन तब भी प्रधानमंत्री मोदी चुप रहे। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका के एक अधिकारी का बयान सामने आया है कि उन्होंने भारत को एक महीने के लिए रूस से तेल खरीदने की अनुमति दे दी है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अब भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए भी अमेरिका से अनुमति लेनी होगी और क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को भारत का राजा मान लिया है।**

# जनसहभागिता से प्रदेश में निर्धारित होगी बिजली की दर



- उपभोक्ता परिषद आयोग के समक्ष मजबूती के साथ रखेगा उपभोक्ताओं का पक्ष
- 51 हजार करोड़ सरप्लस होने के कारण अगले पांच वर्षों तक दरें बढ़ाने का औचित्य नहीं

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में बिजली दरों के निर्धारण को लेकर ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सोमवार नौ मार्च को दिन में 11 बजे से विद्युत नियामक आयोग जनसुनवाई करेगा। इसमें निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सभी प्रमुख उपभोक्ता समस्याओं, बिजली दरों की वर्तमान स्थिति तथा कंपनियों के प्रस्तुत एआरआर के विश्लेषण को अंतिम रूप दे दिया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा नोएडा पहुंचकर जनसुनवाई में उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का स्पष्ट कहना है कि बिजली कंपनियों का पिछले दरवाजे से बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रयास लगातार सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा।

परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का लगभग 51 हजार करोड़ रुपये अधिक है। ऐसे में अगले पांच वर्षों तक बिजली दरों में किसी प्रकार की वृद्धि का कोई औचित्य नहीं बनता है।

**फास्ट न्यूज**

### होली के बाद वापसी की भीड़ ने सातवें आसमान पर पहुंचाया विमानों का किराया

लखनऊ। रंगों के त्यौहार होली मनाने अपने घर आए लोगों ने लंबी छुट्टी का पूरा आनंद लिया। अब उनकी कार्यस्थल पर वापसी में उनको काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

विमानों का किराया सातवें आसमान पर पहुंच गया है तो रविवार की ट्रेनों की लंबी वेटिंग लिस्ट ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया।

### गर्मी से पहले बिजली विभाग अलर्ट, बेहतर आपूर्ति की तैयारी तेज

लखनऊ। प्रदेश में गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली विभाग अलर्ट मोड में आते हुए बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। वितरण निगमों की समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कारपो-रेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों से कहा कि गर्मी जल्दी शुरू हो चुकी है और आगे तापमान और बढ़ेगा, इसलिए अभी से पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए । शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि ट्रांसफार्मर, लाइनों के रखरखाव, सबस्टेशनों की देखभाल और सुरक्षा जैसे अनुरक्षण कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है ।

### अप्रैल से जुलाई तक मिलेगी बड़ी राहत

लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को कास्ट डाटा बुक का उल्लंघन करने के मामले में उपभोक्ताओं का पैसा वापस करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में उल्लेख किया गया है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के करीब एक लाख उपभोक्ताओं का 40 करोड रुपए वापस किया जाए। यह धनराशि बिजली विभाग को अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 के बिजली बिलों में समायोजित करनी होगी ।

# उत्साह : वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की जीत के लिए दौड़

### लखनऊ सुपर जायंट्स की नई जर्सी पहनकर 10 किलोमीटर दौड़े एलएसजी के फैंस

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ । लखनऊ में टी-20 विश्व कप फाइनल के दिन क्रिकेट फैंस ने भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए 1090 चौराहे से दौड़ लगाई। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से LSG रन - रन फॉर इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में शामिल क्रिकेट फैन क्षितिज तिवारी ने कहा- आज हार्दिक पांड्या मैच विनर साबित होंगे। श्रेयांस ने कहा- आज टीम इंडिया जीतेगी।

मैराथन तीन श्रेणियों में हुई। इसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। सबने LSG की नई जर्सी पहन रखी थी। 10 किलोमीटर दौड़ को सुबह 6:30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके बाद 5 किलोमीटर की दौड़ सुबह 7 बजे शुरू हुई। बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीन किलोमीटर दौड़ सुबह 7:15 बजे आयोजित हुई। इसके बाद सुबह 8 बजे दौड़ के सभी विजेताओं को पुरस्कार दिया गया।

डॉक्टर क्षितिज तिवारी ने कहा- मैराथन में अपने दोस्तों के साथ शामिल हुई। आज टीम इंडिया का दिन है, हम ट्रॉफी जीतेंगे। हार्दिक पांड्या निश्चित तौर पर आज मैच विनर होंगे। आज महिला दिवस भी है। आप यहां पर लगी इन्फ्लूएंसर्स की लिस्ट देखिए। हमारी छोरियां छोरो से कम हैं के।

### एलएसजी की नई जर्सी पहनकर दौड़े

मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी लखनऊ सुपर जायंट्स की नई जर्सी पहनकर दौड़े। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में महिला धावक भी इस दौड़ में हिस्सा लिया।

लखनऊ सुपर जायंट्स के मैनेजमेंट का कहना है कि एलएसजी रन – रन फॉर इंडिया' का उद्देश्य शहर के नागरिकों, फिटनेस प्रेमियों, युवाओं और परिवारों को एक मंच पर लाकर स्वास्थ्य, सामुदायिक भावना और खेल के प्रति उत्साह को बढ़ावा देना है।

# हेरोइन तस्कर पार्क से गिरफ्तार

### 12 करोड़ की ड्रग्स बरामद, चौक इलाके में सप्लाई करता था

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में एएनटी-एफ टीम ने चौक इलाके से ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5.54 किलो हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपए है। पुलिस ने तस्कर के पास से हुंडई क्रेटा कार, मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक एएनटीएफ थाना बाराबंकी की टीम को अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने लखनऊ के चौक थाना क्षेत्र में आगा बाकर इमामबाड़ा के सामने बने पार्क के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान मो. इमरान निवासी ग्राम टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी के रूप में हुई। वह वर्तमान में लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के न्यू हैदरगंज इलाके में रह रहा था।




### एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

इस मामले में थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ में के तहत एनडी-पीएस एक्ट की धारा के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे यह मादक पदार्थ एक व्यक्ति द्वारा कैम्पबेल रोड इलाके में कम दाम में दिया जाता था। वह इसे खरीदकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अलग-अलग जगहों पर फुटकर में बेचता था और अधिक मुनाफा कमाता था। आरोपी ने बताया कि वह उसी माल की डिलीवरी देने चौक क्षेत्र आया था, तभी एएनटीएफ टीम ने उसे पकड़ लिया।

**सूत्रों के अनुसार आरोपी महंगी कारों का इस्तेमाल कर मादक पदार्थों की तस्करी करता था, ताकि पुलिस को उस पर शक न हो। इसी रणनीति के तहत वह क्रेटा कार से हेरोइन लेकर विभिन्न स्थानों पर पहुंचता था और छोटे-छोटे पैकेट बनाकर सप्लाई करता था।**

### तस्करी नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। एएनटीएफ अब इस मामले में तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। फारवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि हेरोइन की सप्लाई कहां से हो रही थी और इसमें किन लोगों की भूमिका है।

## आज देश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सरकार का रवैया बेहद चिंताजनक है

# 'बलात्कारियों को बेल नहीं जेल दो' के नारों से गूंजी राजधानी

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वूमेन्स एसोसिएशन (ऐपवा) ने आज लखनऊ में चंद्रिका देवी गेट से अस्सी क्रॉसिंग तक एक मार्च आयोजित किया। इस मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं, कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा, कामकाजी महिलाओं के अधिकारों तथा न्याय की मांग को बुलंद किया।

**मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने जोरदार नारे लगाए, जिनमें प्रमुख रूप से**

**"तेरी शक्ति मेरी शक्ति, सबकी शक्ति ज़िंदाबाद"**

**और**




**"बलात्कारियों को बेल नहीं, जेल दो" जैसे नारे शामिल थे।**

सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा की सहयोजक सरोजिनी बिष्ट ने कहा कि आज देश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सरकार का रवैया बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहाः

"मोदी–योगी सरकार एक तरफ महिलाओं की सुरक्षा की बातें करती है, लेकिन दूसरी तरफ ऐसे कदम सामने आते हैं जिनसे बलात्कार के दोषियों और आरोपियों को संरक्षण मिलता दिखाई देता है। राम रहीम और आसाराम बापू जैसे मामलों से लेकर बिलकिस बानो के दोषियों की रिहाई और कुलदीप सिंह सेंगर तथा बृजभूषण शरण सिंह जैसे मामलों में सत्ता का रवैया यह सवाल खड़ा करता है कि महिलाओं को न्याय कैसे मिलेगा।" कमला गौतम, ऐपवा ने अपने संबोधन में स्कीम वर्करों और कामकाजी महिलाओं की स्थिति पर बात करते हुए कहाः "आज महिलाएँ समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को संभाल रही हैं, लेकिन उन्हें उसका सम्मान या अधिकार नहीं मिलता। घर की पूरी जिम्मेदारी भी महिलाओं पर होती है और बाहर काम करने के बावजूद उन्हें कम वेतन और असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। यह दोहरा बोझ महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय को दिखाता है।"

**मार्च के अंत में वक्ताओं ने आह्वान किया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा, आर्थिक शोषण और बलात्कारियों को मिलने वाले राजनीतिक संरक्षण के खिलाफ संघर्ष को और तेज किया जाएगा तथा एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए आवाज उठाई जाएगी जहाँ महिलाएँ भय और भेदभाव से मुक्त होकर सम्मान के साथ जीवन जी सकें।**

### यूपी में कोई भी बच्चा न रहेगा पढ़ाई से वंचित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए इस बार 'स्कूल चलो अभियान' को और अधिक व्यापक रूप से चलाने की तैयारी की जा रही है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अप्रैल से शुरू होने वाले अभियान में सिर्फ नए बच्चों के नामांकन पर ही नहीं, बल्कि कक्षा बदलने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई भी सुनिश्चित की जाए। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से संकल्प लेने को कहा कि प्रदेश का कोई भी बालक या बालिका शिक्षा से बाहर न रहे। अभियान के दौरान यह भी पता लगाया जाए कि पांचवीं कक्षा पास करने वाले बच्चे छठी में प्रवेश ले रहे हैं या नहीं, आठवीं के बाद उनका दाखिला नौवीं में हो रहा है या नहीं और 12वीं के बाद छात्र आगे की पढ़ाई जारी रख रहे हैं या नहीं।

# लोहिया अस्पताल में मरीज को जड़े थप्पड़

### गलत इंजेक्शन लगाने का विरोध किया था

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ के विभूतिखंड स्थित लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज कराने के आई बहनों के साथ मारपीट की गई। गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने का विरोध करने पर स्टाफ उग्र हो गया। इसके बाद सिक्योरिटी बुलाकर बहनों को बुरी तरह पीट दिया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तकरोही अमराई गांव निवासी पीड़िता शनिवार शाम करीब 7 बजे अपनी छोटी बहन को इमरजेंसी में दिखाने आई थी। वहां मौजूद नर्स पीड़िता की बहन की नस में इंजेक्शन लगा रही थी। कई बार अलग-अलग जगह इंजेक्शन लगाया, लेकिन लगा नहीं पाई। जिसकी वजह से उसके हाथ से कई जगह खून निकलने लगा।

इस पर पीड़िता ने विरोध किया तो बहन के बैक साइड इतना तेज इंजेक्शन लगाया कि वो दर्द से चिल्ला दी। पूरे मामले की शिकायत करने की बात कही तो महिला ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद कंपाउडर और सिक्योरिटी गार्ड मिलकर मारने-पीटने लगे। फिर वहां पर 4-5 पांच अन्य डॉक्टर और 8-10 अज्ञात सिक्योरिटी गार्ड व कर्मचारी आ गए। जिनका वीडियो बनाने का प्रयास किया तो मोबाइल छीनकर तोड़ दिया।

**सतर्क : लगातार दूसरे दिन वार्म नाइट, पारा सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक हुआ, गर्मी बढ़ेगी**

# ड्राई डे का अलर्ट

- मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- एक सप्ताह के दौरान प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण मौसम शुष्क बना रहेगा।



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में वार्म नाइट का दौर शुरू हो गया है। लगातार दूसरे दिन रात में अधिक गर्मी पड़ी। सुबह से मौसम साफ होने के साथ तेज चटक धूप निकली है। रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक रहा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री रहा। यह सामान्य की तुलना में 3.3 डिग्री कम था।

न्यूनतम तापमान रात के समय में 18.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक रहा। इसके कारण वार्म नाइट की स्थिति बनी रही। अधिकतम आर्द्रता 91 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 40 फीसदी रही। अब भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में जारी ला-निना की स्थिति कमजोर हो रही है। यह तटस्थ नीनो में बदलने वाली है। हिंद महासागरीय द्विध्रुव भी तटस्थ रहने की उम्मीद है। इन सबके संयुक्त प्रभाव से मार्च में ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रह सकता है। हीट वेव की संभावना कम है। लेकिन अप्रैल-मई में पूर्वांचल और तराई इलाकों में लू के दिनों की संख्या बढ़ने का अलर्ट है। न्यूनतम तापमान भी पूरे सीजन में सामान्य से अधिक रहने की संभावना जताई गई है, जिससे रातें भी गर्म रह सकती हैं।



मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- एक सप्ताह के दौरान प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण मौसम शुष्क बना रहेगा।

### न्यूनतम तापमान में हो रही बढ़त

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- एक सप्ताह के दौरान प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहने के साथ आगामी 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3C की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। इसमें तापमान सामान्य से काफ़ी अधिक बना रहने से मौसम गर्म रहेगा। वहीं, 1 मार्च को लखनऊ का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक रहा, लेकिन अब न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री तक पहुंच गया है।

### मार्च के अंत तक पड़ेगी भीषण गर्मी

इस बीच मार्च के अंत तक भीषण गर्मी शुरू होगी। उत्तर प्रदेश में आगामी ग्रीष्म ऋतु (मार्च-अप्रैल-मई) के दौरान गर्मी का प्रकोप बढ़ने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 1-3 डिग्री सेल्सियस अधिक और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1-2 डिग्री अधिक रहने की संभावना है। पिछली शीत ऋतु में पश्चिमी विक्षोभों की कम सक्रियता के कारण सामान्य से कम वर्षा हुई, जिससे तापमान पहले से ही ऊपर रहा।

## 75 हजार की नकदी भी ले गए, लखनऊ में चैनल तोड़कर घर में घुसे चोर

# किसान के घर से 15 लाख के गहने चोरी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीती रात नकाबपोश चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपए के गहने और हजारों की नगदी लेकर फरार हो गए। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।

सरोजनी नगर के रनियापुर निवासी किसान उमाशंकर अपनी पत्नी, बहू और बेटे शिव शंकर के साथ रहते हैं। होली के त्योहार के चलते उनकी विवाहित बेटी भी घर आई हुई थी। उमाशंकर के बेटे शिव शंकर के अनुसार, शनिवार रात सभी परिवार के सदस्य खाना खाकर घर में सो गए थे। नकाबपोश चोर घर में घुसकर काफी देर तक इंतजार करते रहे। चोर यह कंफर्म कर रहा था कि कोई जाग



तो नहीं रहा है। नकाबपोश चोर घर में घुसकर काफी देर तक इंतजार करते रहे। चोर यह कंफर्म कर रहा था कि कोई जाग तो नहीं रहा है। उमाशंकर मुख्य दरवाजे पर लगे चैनल के पास बाहर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर के बगल वाले चैनल का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी तोड़ दी और उमाशंकर की पत्नी, बहू और बेटी के लगभग 15 लाख रुपए के गहने तथा 75 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। रविवार सुबह जब उमाशंकर उठे, तो उन्हें घर के बगल वाले चैनल का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर अलमारी और लॉकर टूटे हुए थे, और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे गहने और नकदी गायब थे। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

**सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच में दो नकाबपोश बदमाश तमंचा और तलवार लिए हुए दिखाई दिए। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।**

## लाभार्थियों और उत्कृष्ट महिलाओं को मिला सम्मान, कार्यक्रम की शुरुआत सजीव प्रसारण से हुई

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम

आयोजन

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकर नगर । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने की। इस दौरान जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे।

महिला दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी




सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऐसी महिलाओं को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इन महिलाओं ने सामाजिक कार्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान उनके कार्यों की सराहना की गई और उन्हें आगे भी समाज के लिए प्रेरणा बनने की बात कही गई।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से नव चयनित मुख्य सेविकाओं को भी इस अवसर पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने चयनित मुख्य सेविकाओं को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और महिलाओं तथा बच्चों के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली मुख्य सेविकाओं ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने का संकल्प जताया।

**कार्यक्रम की शुरुआत राज्य स्तर पर आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण से हुई। प्रसारण के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं और महिला कल्याण से जुड़ी विभिन्न पहल की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे।**



### योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए गए स्वीकृति पत्र और उपहार

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच से लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही उपहार स्वरूप बैग, डिक्शनरी, स्टेशनरी सामग्री और चॉकलेट का वितरण भी किया गया। इन योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं और बच्चों के शिक्षा व विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाना है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस लाइन में विशेष कार्यक्रम

## मिशन शक्ति केंद्रों के लिए 14 स्कूटी रवाना

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंबेडकरनगर पुलिस द्वारा पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में रविवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना



प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान जीजीआईसी के छात्र-छात्राओं तथा पुलिस विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकार और चुनौतियों को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विभिन्न वक्ताओं ने महिलाओं से जुड़ी योजनाओं और मुद्दों पर जानकारी दी। गीता देवी ने महिला संबंधी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जबकि लीलावती ने बाल सेवा योजनाओं के बारे में बताया। संगीता देवी ने घरेलू हिंसा, मिशन शक्ति अभियान और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से बालिकाओं को किट वितरित की गई। इसके साथ ही पांच बालिकाओं को मुख्यमंत्री बाल सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। पांच अन्य बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत सम्मान दिया गया।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में 'मेरा युवा भारत अंबेडकरनगर' और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) द्वारा ASMITA पहल के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं की मैराथन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

फास्ट न्यूज

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर महंगा, प्रति रिफिल 60 रुपये की बढ़ोतरी

अंबेडकर नगर। जनपद में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये प्रति रिफिल की बढ़ोतरी की गई है। जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि मूल्य वृद्धि शुक्रवार रात से लागू कर दी गई है। जिला पूर्ति विभाग के अनुसार जनपद में एलपीजी रिफिल की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है।

### जलालपुर में 17 वर्षीय छात्र लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

अंबेडकरनगर। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र से 17 वर्षीय छात्र दिव्यांश गौड़ पुत्र जालेन्द, निवासी ग्राम आजनपारा, थाना मालीपुर अचानक लापता हो गया है। वह 6 मार्च 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे अपने मामा प्रेम सागर गौड़ के घर से रेडिएंट विद्यालय (कक्षा 11) जाने के लिए निकला था, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं आया।दिव्यांश लगभग पांच फुट लंबा और सांवला है। घटना के समय उसने हरे रंग की शर्ट-पैंट पहनी थी। परिवार और ननिहाल पक्ष के लोगों ने आसपास के क्षेत्रों और विद्यालय में खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

### जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह

आलापुर, अंबेडकर नगर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज सिपाह में महिलाओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक सिंह चंदेल और वरिष्ठ आचार्या विजय लक्ष्मी पाण्डेय के संयोजन में किया गया।

# 'बाल विवाह मुक्ति रथ' अभियान का समापन

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चलाए गए 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले में संचालित 'बाल विवाह मुक्ति रथ' अभियान का समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। जन विकास संस्थान की ओर से भानमती उत्सव एवं मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया गया और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान 'बाल विवाह मुक्ति रथ' ने जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों में पहुंचकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। प्रमुख सड़कों के साथ दूरस्थ क्षेत्रों तक भी जागरूकता अभियान




चलाया गया। संपर्क में कठिन गांवों तक मोटरसाइकिल और साइकिल कारवां के माध्यम से पहुंच बनाकर लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई।

अभियान को तीन चरणों में संचालित किया गया। पहले चरण में स्कूलों और कॉलेजों के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया गया। दूसरे चरण में धर्मगुरुओं से संपर्क कर विवाह से पहले वर-वधू की आयु की जांच करने और बाल विवाह होने पर इसे संपन्न न कराने की अपील की गई।

# हजारों महिलाओं ने कराई स्वास्थ्य जांच, डॉक्टरों से प्राप्त किया परामर्श

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अर्नव हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बसखारी रोड स्थित अर्नव हॉस्पिटल में रविवार को महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित करना था।

शिविर में उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी जानकारी और सुझाव प्रदान किए गए। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संगीता सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं की जिम्मेदारियां लगातार




बढ़ रही हैं, ऐसे में उन्हें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार और व्यायाम से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

डॉ. संगीता सिंह ने महिलाओं को आयरन और कैल्शियम से भरपूर भोजन लेने, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और मानसिक तनाव से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अक्सर महिलाएं परिवार की देखभाल में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देती हैं, जो आगे चलकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

शिविर में महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाएं व परामर्श प्रदान किए गए। जांच में ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय स्वास्थ्य और पोषण संबंधी परीक्षण शामिल थे। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करने और उनका समाधान कराने का अवसर मिला।

# सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा पर बैठक

## पुलिस व्यवस्था और अतिक्रमण मुद्दे पर चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जलालपुर कोतवाली परिसर में रविवार को अखिल भारतीय सर्राफा संघ के प्रदेश मंत्री शत्रुघ्न सोनी की अध्यक्षता में सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा, व्यावसायिक गतिविधियों और सामाजिक समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव भी उपस्थित रहे।प्रदेश मंत्री शत्रुघ्न सोनी ने सराय चौक क्षेत्र में व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित पुलिस निगरानी की मांग की। उन्होंने सर्राफा दुकानों पर गिरवी रखे आभूषणों की सुरक्षा और स्पष्ट व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया।

व्यापारियों ने नगर के प्रमुख बाजार, विशेषकर सराय चौक में



बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की। बैठक में इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए अतिक्रमण हटाने और बाजार की व्यवस्थित रूपरेखा बनाए रखने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और चालू रखना अनिवार्य है। साथ ही किसी भी नए कर्मचारी को काम पर रखने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल करना जरूरी है।

## जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने की आईसीडीएस और मनरेगा कार्यों की समीक्षा

# आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद में आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पोषण वाटिका निर्माण, वाल पेंटिंग और रेनवाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान जिन विकास खंडों में कार्यों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई गई, वहां के संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सभी लंबित कार्य चार दिन के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खंडवार



प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया। जिन क्षेत्रों में कार्यों की गति धीमी पाई गई, वहां के संबंधित सीडीपीओ, खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर सीडीपीओ अकबरपुर को स्पष्टीकरण जारी करने के भी निर्देश दिए गए।

### रेनवाटर हार्वेस्टिंग और भूजल संरक्षण पर जोर

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने इन कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूजल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही मनरेगा और अन्य योजनाओं के अंतर्गत संचालित भूजल संरक्षण कार्यों को 'कैच द रेन' पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि पोर्टल पर समय से अपडेट होने वाले आंकड़े जनपद की प्रगति और पारदर्शिता को दर्शाते हैं, इसलिए इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### मनरेगा के लंबित कार्यों की समीक्षा

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की भी विकास खंडवार समीक्षा की। लंबित कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे कराए जाएं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत चलने वाले कार्य ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# सवा करोड़ रुपये की लागत से सड़क को मिलेगा आधुनिक और सुरक्षित रूप

## जमालपुर चौराहा से अकबरपुर रोड तक मुख्य मार्ग का सौंदर्यकरण और चौड़ीकरण योजना

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जमालपुर चौराहे से अकबरपुर रोड तक जाने वाला मुख्य मार्ग अब पूरी तरह नए और आधुनिक स्वरूप में विकसित होगा। करीब छह महीने पहले प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने के बाद अब लोक निर्माण विभाग इस मार्ग के सौंदर्यकरण और चौड़ीकरण की तैयारी में जुट गया है। विभाग लगभग सवा करोड़ रुपये की लागत से इस पूरे मार्ग को विकसित करेगा।

जानकारी के मुताबिक, आगामी एक सप्ताह के भीतर चिन्हित क्षेत्र में लाल निशान लगाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अतिक्रमण मुक्त कराए गए स्थान के दोनों किनारों पर मजबूत आरसीसी नाले बनाए जाएंगे। सड़क के बीच में आकर्षक डिवाइडर तैयार किया



जाएगा, जिस पर आधुनिक बिजली के पोल और हाई क्वालिटी लाइटिंग स्थापित होगी। इससे रात के समय पूरा मार्ग रोशनी से जगमग होगा और सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। योजना के तहत सड़क किनारे से गुजर रही 11,000 हाई वोल्टेज बिजली लाइन को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इस काम को विद्युत विभाग के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इससे दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम हो जाएगी और सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गौरतलब है कि करीब छह महीने पहले प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बनाए गए स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण को हटाया था। लोक निर्माण विभाग ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर सड़क के बीच से दोनों तरफ 33-33 फीट जमीन चिन्हित की थी। इसके बाद अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर जगह खाली कराई गई। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अश्वनी पांडे ने बताया कि चिन्हित क्षेत्र में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका द्वारा चिन्हित क्षेत्र में कराए जा रहे किसी भी कार्य को फिलहाल रोका गया है, ताकि सौंदर्यकरण योजना के अनुसार ही पूरा विकास कार्य किया जा सके।

# महामाया मेडिकल कॉलेज में सीवर श्रृंखला की मरम्मत के लिए 33 लाख रुपये स्वीकृत

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में सीवर श्रृंखला की सफाई और मरम्मत के लिए 33 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। इस परियोजना में अस्पताल से लेकर छात्रावास और डॉक्टरों के आवासीय परिसर तक फैली लगभग दो किलोमीटर लंबी सीवर लाइन की पूरी सफाई और मरम्मत शामिल है।

गत वर्ष जुलाई में मेडिकल कॉलेज परिसर में चोक सीवर की सफाई करते समय मजदूर मनीराम और देवानंद की मौत हो गई थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन लगातार बजट की मांग करता रहा। लंबे समय से सीवर की खराब स्थिति के कारण अस्पताल से निकलने वाले बायोवेस्ट का निस्तारण सही ढंग से नहीं हो पा रहा था। सीवर चोक होने के कारण गंदा पानी सीधे नाले में जा रहा था, जिससे जल प्रदूषण और दुर्गंध फैल रही थी। कॉलेज के ओटी और आवासीय भवनों से निकलने वाले सीवर को फिल्टर करने वाला



**हॉस्पिटल से एसटीपी तक दो किलोमीटर लंबी सीवर लाइन का काम जल्द शुरू होगा**

लाखों रुपये की लागत से स्थापित एसटीपी संयंत्र करीब पांच साल से काम नहीं कर रहा। इसके कारण गंदा पानी सीधे थिरुआ नाले में जा रहा है और जल प्रदूषण बढ़ रहा है। वहीं, परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग जाने से कर्मियों के लिए जहरीले जीव-जंतु और संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार यादव ने बताया कि सीवर श्रृंखला की सफाई और मरम्मत के लिए बजट मिलने के बाद कार्यदायी संस्था एसएनडी को जल्द ही काम सौंपा जाएगा।

**निर्देश : अगस्त 2026 तक सभी परियोजनाएं पूरी करने का लक्ष्य**

# जल जीवन मिशन की समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद में जल जीवन मिशन के तहत संचालित परियोजनाओं की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति, नल कनेक्शन, शिरोपरि जलाशय निर्माण, मार्ग रेस्टोरेशन और ऑपरेटरों के वेतन भुगतान जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में अतिरिक्त मानव संसाधन और मशीनरी लगाकर कार्य की गति तेज की जाए, ताकि अगस्त 2026 तक सभी परियोजनाओं को पूर्ण कर हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम




**डीएम अनुपम शुक्ला ने की प्रगति की गहन समीक्षा, कार्यदायी संस्थाओं को दिए सख्त निर्देश**

(ग्रामीण) ने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। बताया गया कि जनपद में कुल 571 परियोजनाएं संचालित हैं। इनमें से 165 परियोजनाओं के सभी कार्य पूरे किए जा चुके हैं। वहीं 269 परियोजनाओं में शिरोपरि जलाशय का निर्माण पूरा हो चुका है और 200 परियोजनाओं में जलाशयों से जलापूर्ति भी शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष परियोजनाओं को तय समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए माहवार लक्ष्य निर्धारित कर कार्य प्रगति सुनिश्चित की जाए।

### ऑपरेटरों का वेतन एक सप्ताह में देने के निर्देश

बैठक में जलापूर्ति परियोजनाओं में कार्यरत ऑपरेटरों के वेतन भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी संचालित परियोजनाओं में कार्यरत ऑपरेटरों का लंबित वेतन एक सप्ताह के भीतर भुगतान किया जाए।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों और अन्य सार्वजनिक भवनों में शत-प्रतिशत नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### नल कनेक्शन और रेस्टोरेशन की स्थिति पर जोर

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने घर-घर नल कनेक्शन की प्रगति का भी आकलन किया। अवशेष घरों में प्रतिदिन दिए जा रहे नल कनेक्शनों की संख्या, परियोजनाओं में बाउंड्री वॉल निर्माण, पाइपलाइन बिछाने के बाद मार्गों के रेस्टोरेशन और कार्यस्थलों पर उपलब्ध मशीनरी व श्रमिकों की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान जिन सड़कों को क्षतिग्रस्त किया गया है, उनका गुणवत्तापूर्ण रेस्टोरेशन सुनिश्चित किया जाए और मार्गों को शीघ्र मोटरेबल बनाया जाए।

# जलालपुर के निमिटनी हत्या केस में दोषियों को आजीवन कारावास

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जलालपुर थाना क्षेत्र के निमिटनी गांव में वर्ष 2018 में हुई शराब की दुकान के सेल्समैन इंद्रपाल सिंह उर्फ पुलई सिंह हत्या मामले में जिला जज कोर्ट ने आज फैसला सुनाया। अदालत ने मामले में दोषी पाए गए ओमप्रकाश और राकेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

घटना 3 मई 2018 की शाम साढ़े सात बजे के करीब हुई थी। मृतक इंद्रपाल सिंह की सीने और पेट पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद शव शराब की दुकान के बाहर पड़ा मिला। मृतक के भाई राणा प्रताप सिंह ने राकेश यादव (मंजिरा) और ओमप्रकाश सिंह उर्फ चिथरू (निमिटनी) के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने घटना की जांच पूरी



**2018 में हुई शराब ठेके के सेल्समैन हत्या की घटना का न्यायालय ने दिया फैसला**

कर दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल किया। इसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई, जिसमें दोनों पक्षों के गवाहों और दलीलों को सुना गया। सुनवाई के बाद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने आरोपियों को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही आर्थिक दंड के रूप में 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

# सम्पादकीय

## फिर हंगामे के आसार, अविश्वास प्रस्ताव पर होगी चर्चा



संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का प्रारंभ हंगामे से होने के आसार पर आश्चर्य नहीं। अब संसद के प्रत्येक सत्र की शुरुआत हंगामे से ही होती है और कई बार तो पूरा सत्र उसी की भेंट चढ़ जाता है। बजट सत्र के दूसरे चरण में एक तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान पक्ष-विपक्ष में तकरार तय है और दूसरे, ईरान पर इजरायल-अमेरिका के हमले को लेकर विपक्ष की ओर से सरकार को घेरने के चलते आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला देखने को मिल सकता है। लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चाहे जितनी तीखी बहस हो, उसका नतीजा तय है। चूंकि सत्तापक्ष का बहुमत है और प्रधानमंत्री ने सत्र शुरू होने के पहले लोकसभा अध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए जिस तरह कहा कि वे अहंकारी-उत्पाती छात्रों को ठीक करना जानते हैं, उससे यह स्पष्ट है कि वे सत्तापक्ष को ओम बिरला के पक्ष में एकजुट होने का संदेश दे रहे हैं। इस अविश्वास प्रस्ताव पर शक्ति परीक्षण भी देखने को मिल सकता है, क्योंकि भाजपा और कांग्रेस, दोनों ने अपने लोकसभा सदस्यों को 9-10 मार्च को सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी कर दिया है। भले ही उच्च सदन को वरिष्ठों का सदन कहा जाता हो और यह अपेक्षा की जाती हो कि इस सदन के सदस्य सभी विषयों पर कहीं अधिक धीर-गंभीर और दलगत हितों से ऊपर उठकर चर्चा करेंगे, लेकिन सच यह है कि अब लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी हंगामे के दृश्य दिखना आम हो गया है। बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने इजरायल-अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भी बयान जारी करने की मांग की है। हालांकि सरकार की ओर से खामेनेई की मौत पर शोक जताया जा चुका है, लेकिन कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इस पर जोर दे सकते हैं कि सरकार उनके मन माफिक बयान जारी करे। विपक्षी दल इससे अनजान नहीं हो सकते कि इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य संघर्ष से जो जटिल स्थिति उपजी है, वह ऐसी नहीं कि सरकार किसी एक के पक्ष में खुलकर खड़ी हो सके।

इस स्थिति से सबसे अच्छी तरह लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस अवगत होगी, पर वही इस मामले में अपने संकीर्ण रवैये का परिचय देने में सबसे आगे रह सकती है। इसका प्रमाण सोनिया गांधी का वह लेख है, जिसमें उन्होंने पश्चिम एशिया संकट पर सरकार के रवैये को कोसा। कम से कम कांग्रेस को तो यह पता होना चाहिए कि विदेश नीति किसी दल या सरकार की नहीं, बल्कि देश की होती है और उस पर पक्ष-विपक्ष को न केवल सहमति कायम करनी चाहिए, बल्कि उसका प्रदर्शन भी करना चाहिए।

# कच्चा तेल खरीद में अमेरिका की 'दादागिरी क्यों?

> वहीं अगर ईरान-इजरायल युद्ध नहीं रुका तो कच्चे तेल की आग पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ता सैन्य संघर्ष केवल क्षेत्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ रहा है।

तेल खरीद में अमेरिका की हमेशा से दादागिरी चलती आ रही है। वर्तमान में जब आठवें दिन इजरायल-ईरान के जंग के बीच जब कच्चा तेल महंगा और सप्लाई भी बंद हो जाती है ऐसे में अमेरिका द्वारा भारत को 30 दिन की मौहलत का आशय ? कूटनीतिक संदेश या दबाव ? । ऐसे समय में शांति की पहल केवल राजनीतिक जरूरत नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता की भी अनिवार्य शर्त है। वैश्विक राजनीति में ऊर्जा हमेशा से शक्ति और दबाव का बड़ा हथियार रही है। हाल के घटनाक्रम में एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि दुनिया की महाशक्तियाँ तेल को केवल आर्थिक संसाधन नहीं, बल्कि कूटनीतिक दबाव के औजार के रूप में भी इस्तेमाल करती हैं। अमेरिका द्वारा कुछ देशों से तेल खरीद को लेकर कड़े प्रतिबंधों की नीति और भारत को 30 दिन की मौहलत देना इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अमेरिका लंबे समय से उन देशों पर दबाव बनाता रहा है जिनसे उसका राजनीतिक टकराव है। ऐसे में यदि कोई तीसरा देश उनसे तेल खरीदता है तो वह भी अमेरिकी प्रतिबंधों की जद में आ सकता है। यही कारण है कि भारत जैसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देश को बार-बार संतुलन साधना पड़ता है। भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए सस्ती और स्थिर आपूर्ति चाहता है जबकि अमेरिका चाहता है कि उसके सहयोगी देश उसकी विदेश नीति के अनुरूप ही निर्णय लें। भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है और उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक बाहरी ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर है। ऐसे में यदि किसी स्रोत से सस्ता तेल मिलता है तो उसे पूरी तरह छोड़ देना भारत के लिए आसान नहीं होता। यही वजह है कि अमेरिका के दबाव के बावजूद भारत अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले लेने की कोशिश करता रहा है। भारत को दी गई 30 दिन की मौहलत दरअसल एक तरह का कूटनीतिक




संदेश है। यह समय भारत को अपनी रणनीति तय करने के लिए दिया गया है, लेकिन इसके साथ ही यह संकेत भी है कि आगे अमेरिका इस मुद्दे पर और सख्ती दिखा सकता है। यह स्थिति भारत के लिए एक चुनौतीपूर्ण संतुलन का सवाल बन जाती है—एक तरफ रणनीतिक साझेदारी और दूसरी ओर ऊर्जा सुरक्षा। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि वैश्विक राजनीति में प्रतिबंधों की यह संस्कृति धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। बड़ी शक्तियाँ आर्थिक ताकत का इस्तेमाल करके दूसरे देशों के निर्णयों को प्रभावित करना चाहती हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार की स्वतंत्रता और वैश्विक व्यवस्था दोनों पर सवाल खड़े होते हैं। भारत को इस परिस्थिति में अपनी ऊर्जा नीति को और अधिक विविधतापूर्ण बनाना होगा। वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना, नए तेल आपूर्तिकर्ताओं की तलाश करना और रणनीतिक भंडारण को मजबूत करना समय की मांग है। साथ ही, कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को स्पष्ट करना होगा कि उसकी ऊर्जा जरूरतों पर किसी बाहरी दबाव का असर सीमित ही हो सकता है। अंततः, यह प्रकरण केवल तेल खरीद का नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का भी संकेत है। भारत जैसे उभरते हुए देश के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए अंतरराष्ट्रीय दबावों का समझदारी से सामना करे। तभी वह अपनी विकास यात्रा को बिना बाधा के आगे बढ़ा पाएगा। युद्ध के चलते कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से उछलने लगी हैं। अगर यह युद्ध जल्द नहीं थमा, तो कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ सकता है। दरअसल, इस संघर्ष का सबसे बड़ा खतरा हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पर मंडरा रहा है। यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल आपूर्ति गुजरती है। यदि इस मार्ग में व्यवधान आता है या जहाजों की आवाजाही रुकती है, तो वैश्विक तेल बाजार में बड़ा संकट खड़ा हो सकता है।हाल के दिनों में इसी आशंका के कारण तेल बाजार में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। रिपोर्टों के मुताबिक युद्ध के कुछ ही दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और यह लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया, जो हाल के वर्षों में सबसे तेज साप्ताहिक बढ़ोतरी में से एक है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद हुआ या तेल टैंकरों की आवाजाही बाधित हुई, तो तेल की कीमतें 100 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। इससे वैश्विक महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत बढ़ेगी और कई देशों की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होगी।

भारत जैसे देशों के लिए यह संकट और भी गंभीर हो सकता है क्योंकि भारत अपनी लगभग 90 प्रतिशत तेल जरूरतें आयात से पूरी करता है और उसका बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। ऐसे में तेल महंगा होने का मतलब है—पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, महंगाई का दबाव और सरकारी वित्त पर अतिरिक्त बोझ।स्पष्ट है कि ईरान-इजरायल युद्ध केवल दो देशों का सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा की परीक्षा बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कूटनीतिक प्रयासों के जरिए जल्द से जल्द तनाव कम करने की दिशा में काम करना होगा। यदि युद्ध की आग फैलती है, तो उसका धुआं पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को घेर सकता है—और कच्चे तेल की कीमतें इसका सबसे बड़ा संकेत होंगी। अतः युद्ध जितना लंबा चलेगा, तेल बाजार उतना अस्थिर होगा। इसलिए शांति की पहल केवल राजनीतिक जरूरत नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता की भी अनिवार्य शर्त है।

**सौरभ वार्ष्णेय**

## आम चुनाव 2024...

कमलेश पांडेय

# क्या 'समाजवादी परिवार' की रिक्तता को भर पाएंगे समाजवादी पृष्ठभूमि के राजनीतिक दल?

पहले कांग्रेस ने और अब भाजपा ने, जिस तरह से समाजवादी दलों को उनके साथ मिलकर बारी-बारी पूर्वक निपटा दिया है, यह भारत की कूटनीतिक राजनीतिक परंपरा है। खासकर यह राजनेताओं व उनके कार्यकर्ताओं के लिए सियासी शोध-अनुसंधान का विषय है। ऐसा इसलिए कि पहले देश-दुनिया में समाजवादी और वामपंथी विचारधाराओं से प्रेरित दलों के बीच खुली टकराहट हुआ करती थी। जिसके दृष्टिगत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मध्यममार्गी राजनीति का रास्ता अख्तियार किया और देश को आजादी दिलाते हुए केंद्र-राज्य में सत्तारूढ़ होकर अपने राजनीतिक उद्देश्य में कामयाब हुई। हालांकि, कांग्रेस की दूरदर्शिता पूर्ण अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीतियों व अन्य कारणों से कांग्रेस सेवा दल में फूट पड़ी और 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' (आरएसएस) का जन्म हुआ जो हिंदुत्व व राष्ट्रीय विरासत पर गर्व करने वाला राष्ट्रवादी समाजसेवी संगठन है। इसी के राजनीतिक मुखौटे के रूप में पहले जनसंघ लोकप्रिय हुआ और अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का जलवा हम आप देख रहे हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि आजाद भारत में कांग्रेस की मजबूती के समानांतर समाजवादी विचारधारा और वामपंथी विचारधारा, दोनों को फलने-फूलने का अवसर मिला क्योंकि आधुनिक भारत के निर्माता और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू उदारवादी राजनेता थे और उनकी टीम में वैसे ही लोग शामिल रहे। वहीं, जिनका एजेंडा कुछ और था, वो बारी बारी से उनसे अलग होते गए। उनकी भलमनसाहत का फायदा मुस्लिम नेता मोहम्मद अली जिन्ना, दलित नेता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर और सवर्ण नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि ने उठाया जिनकी राजनीतिक दूरदर्शिता का भी कायल होना स्वाभाविक है। इन दूरदर्शी राजनेताओं ने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू



और सरदार बल्लभ भाई पटेल आदि की संतुलित नीतियों की जमकर आलोचना की। फलस्वरूप अल्पसंख्यकवाद आधारित धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय आधारित आरक्षण और राष्ट्रवाद आधारित हिंदुत्व को मजबूती मिली। भाषावाद आधारित क्षेत्रीयता भी उन्हीं जैसी निकली। सच कहूँ तो स्वतंत्र भारत में भी ये कलहकारी मुद्दे बने हुए हैं जो सभ्य व सुसंस्कृत भारतीय समाज को भीतर से खोखला करते जा रहे हैं। इन्हें रोकने में राजनेताओं, नौकरशाहों, न्यायधीशों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं और विभिन्न पेशेवरों की विफलता से राष्ट्र दिग्भ्रमित हुआ है और संविधान की कतिपय धाराएं कलुषित! कोढ़ में खाज यह कि धर्म के आधार पर देश विभाजन, और जाति के आधार पर समाज विभाजन, आकार के आधार पर निरर्थक राज्य विभाजन के अलावा पूंजीवादी गोद में खेलने वाले राष्ट्रवाद की जायज-नाजायज हरकतों के बाद भी हमारे नेताओं को होश नहीं आया। इसी नीतिगत उठापटक के बीच इंदिरा गांधी, राम मनोहर लोहिया, चौधरी चरण सिंह, कांशीराम, राजीव गांधी, पी वी नरसिम्हा राव, अटल बिहारी बाजपेयी, लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव, सुश्री मायावती, करुणानिधि, एनटीआर, रामकृष्ण हेगड़े, बाला साहब ठाकरे, शिबू सोरेन, ज्योति बसु, ममता बनर्जी, शरद पवार, लालकृष्ण आडवाणी, कल्याण सिंह, बाबूलाल मरांडी, अर्जुन सिंह, दिग्विजय सिंह, नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल आदि बाद के जिद्दी और स्वार्थी राजनेताओं ने जातिवादी व क्षेत्रवादी राजनीति को बढ़ावा दिया। इनकी मिली जुली सियासी हरकतों से समाज अशांत हुआ और सीमाएं असुरक्षित! कथित विकास से समाजवाद, वामपंथ, दलितवाद की सियासी चूलें हिल गईं। खासबात यह कि कांग्रेस और भाजपा ने समाजवादी दलों, वामपंथी दलों और दलितवादी दलों को या तो मिलकर, मिलाकर मार दिया, या फिर यूपीए/एनडीए की छतरी तले राजनीतिक रूप से उन्हें अपना पिछलग्गू बना लिया। इन दोनों राष्ट्रीय दलों ने अपनी घोर पूंजीवादी नीतियों पर भी उनसे भी हामी भरवा ली, जिससे दलित/ओबीसी आमलोगों के बीच भी वे सभी अप्रासंगिक होते चले गए। वैसे तो समाजवादी सियासी हरित किले को ध्वस्त करके राष्ट्रवादी राजनीतिक भगवा किले बनाना आरएसएस मूल के जनसंघ और भाजपा जैसी पार्टियों की पुरानी हसरत रही है जो अब जाकर पूरी होने वाली है। आम चुनाव 2024 के साथ हुए उड़ीसा विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल की नवीन पटनायक सरकार को चुनावी शिकस्त देने के बाद भाजपा ने बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड की नीतीश सरकार को जिस तरह से मिलकर किनारे करने की योजना को अमलीजामा पहनाने जा रही है, उसके बारे में सामाजिक न्याय के पहरुवे और सेक्यूलर बिहारवासियों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा। अभी तमिलनाडु में डीएमके की स्टालिन सरकार, पश्चिम बंगाल में टीएमसी की ममता बनर्जी सरकार, जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस की उमर अब्दुल्ला सरकार, झारखंड में जेएमएम की हेमंत सोरेन सरकार, पंजाब में आप की भगवंत सिंह मान सरकार, केरल की एलडीएफ सरकार, कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के अलावा प्रायः हर जगह पर भगवा लहरा रहा है।

## ये छोटे कदम...

विवेक रंजन श्रीवास्तव

# इस्लाम की उप-शाखाएं, सत्ता का संघर्ष और वैश्विक शांति की राह

धर्म और आस्था सदैव से मानवीय चेतना का आधार रहे हैं लेकिन समय के साथ एक ही विचार की कई धाराएं बन जाती हैं। जैसे एक ही वृक्ष से निकली विभिन्न शाखाएं अलग-अलग दिशाओं में फैलती हैं, वैसे ही दुनिया के हर बड़े धर्म में उप-संप्रदाय विकसित हुए। ईसाई धर्म में जहाँ 'कैथोलिक' और 'प्रोटेस्टेंट' के बीच ऐतिहासिक संघर्ष रहे, वहीं बौद्ध धर्म 'हीनयान' और 'महायान' में बँटा। जैन धर्म में 'दिगंबर' और 'श्वेतांबर' की अपनी परंपराएं हैं। यह विभाजन अक्सर मूल सिद्धांतों पर नहीं बल्कि उत्तराधिकार और व्याख्याओं के मतभेद से उत्पन्न होता है। इस्लाम धर्म भी इसका अपवाद नहीं है जहाँ 'सुन्नी' और 'शिया' दो ऐसी धाराएं हैं जिनका इतिहास आज पूरी दुनिया की राजनीति को प्रभावित कर रहा है। इस्लाम में इस विभाजन की नींव पैगंबर मोहम्मद के बाद उनके उत्तराधिकार के प्रश्न पर पड़ी। सुन्नी समुदाय, जो कुल मुस्लिम जनसंख्या का लगभग 85 से 90 प्रतिशत है, 'सुन्ना' यानी पैगंबर की परंपराओं में विश्वास रखता है। उनका मानना है कि पैगंबर के बाद समुदाय के सबसे योग्य व्यक्ति (खलीफा) को नेतृत्व करना चाहिए था। इसके विपरीत शिया समुदाय का मानना है कि नेतृत्व का अधिकार केवल पैगंबर के परिवार, विशेषकर उनके दामाद हजरत अली और उनके वंशजों को ही था। आज ये दोनों समुदाय दुनिया भर में फैले हुए हैं। सुन्नी जनसंख्या मुख्य रूप से इंडोनेशिया (लगभग 23 करोड़), पाकिस्तान (20 करोड़), सऊदी अरब और मिस्र जैसे देशों में



बहुसंख्यक है। वहीं, शिया समुदाय ईरान (लगभग 8 करोड़), इराक, अजरबैजान और बहरीन जैसे देशों में प्रमुखता से है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब हम ईरान और मध्य-पूर्व के युद्धों को देखते हैं तो यह केवल धार्मिक मतभेद नहीं रह जाता। ईरान आज दुनिया का सबसे शक्तिशाली शिया राष्ट्र है जबकि सऊदी अरब खुद को सुन्नी जगत का केंद्र मानता है। इनके बीच का संघर्ष असल में 'क्षेत्रीय वर्चस्व' की लड़ाई है। ईरान अपना प्रभाव इराक, सीरिया और यमन तक बढ़ाना चाहता है जिसे सुन्नी देश अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानते हैं हालांकि, इतिहास में शांति की कोशिशें भी हुई हैं। सन 1990 के दशक में सऊदी अरब और ईरान के बीच संबंधों को सुधारने के लिए 'अकबा समझौता' हुआ था, और हाल ही में 2023 में चीन की मध्यस्थता से दोनों देशों ने अपने राजनयिक संबंध फिर से बहाल किए हैं। ये छोटे कदम बताते हैं कि कूटनीति से बड़ी से बड़ी दरार भरी जा सकती है। ग्लोबल शांति की स्थापना के लिए सबसे पहले धर्म को सत्ता की राजनीति से अलग करना होगा। जब तक राजनेता आम जनता की धार्मिक भावनाओं को युद्ध के लिए उकसाएंगे, शांति संभव नहीं है। दुनिया को एक ऐसे मंच की जरूरत है जहाँ सुन्नी और शिया नेतृत्व आपसी संवाद से उन ऐतिहासिक घावों को भर सकें।

# अद्वितीय शक्ति का उत्सव है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

स्त्री की अद्वितीय शक्ति का उत्सव है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस। एक दशक से भारत की स्टार्टअप क्रांति में असाधारण योगदान दे रही है स्त्री शक्ति और बनी है असंख्य महिलाओं की प्रेरणा। परंतु स्वयं उनकी प्रेरणा क्या है, क्या है उनके अदम्य हौसले का राज, जाना सीमा झा ने... 'अपनी दोनों टांगें तुड़वाकर अपने पैरों पर खड़ा होना सीखा है सर, बड़ी मुश्किल से आया है यह एटीट्यूड, नहीं होगा सर..आप अपनी नौकरी रखिए और मैं अपना एटिट्यूड।' चर्चित फिल्म 'थ्री इडियट' में शरमन जोशी का किसी कंपनी में नौकरी मांगने के दौरान का यह संवाद वास्तविक जीवन में भी दिख जाता है। दरअसल, इस वर्ष शार्क टैंक के सीजन पांच में बच्चों के लिए स्ट्रोलर व अन्य प्रोडक्ट तैयार करने वाली कंपनी लूपी की सीईओ आकृति गुप्ता ने भी कुछ इसी एटीट्यूड का प्रदर्शन



किया था। कई बार एटीट्यूड को अहंकार से जोड़ लिया जाता है पर वास्तव में यह उस दृढ़ता व अथाह सामर्थ्य से जुड़ा है जो आकृति गुप्ता जैसी महिला सीईओ, संस्थापकों की खूबी रही है। आकृति गुप्ता बताती हैं, 'आधुनिक माता-पिता को लक्ष्य करते हुए लूपी की स्थापना हुई। यह भारत की पहली प्रीमियम बेबी गीयर कंपनी है जो कि होप स्ट्रोलर, लैप बेबी कार सीट, डायपर बैग आदि तैयार करती हैं। लूपी की संस्थापक व सीईओ आकृति सोलो वुमन फाउंडर हैं यानी उन्होंने अपने दम पर बिजनेस को खड़ा किया है।

**सीमा झा**

## जरा हटके

## लंबे समय तक तेल...

गौतम चौधरी

# तो क्या इस युद्ध को अमेरिकी साम्राज्यवाद के पतन की पटकथा मान लेनी चाहिए?

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्य पूर्व की राजनीति, सुरक्षा व्यवस्था और ऊर्जा भू-राजनीति में केंद्रीय भूमिका निभाई है। तेल संसाधनों की सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और अपने प्रमुख सहयोगियों की रक्षा जैसे कारणों से अमेरिका लंबे समय तक इस क्षेत्र का सबसे प्रभावशाली बाहरी खिलाड़ी बना रहा लेकिन 21वीं सदी के तीसरे दशक में यह प्रश्न अधिक गंभीरता से उठने लगा है कि क्या मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभुत्व का युग समाप्त हो रहा है या केवल उसका स्वरूप बदल रहा है। ऊपर जो प्रश्न उठाए गए हैं, उसका उत्तर सामान्य तरीके से देना कठिन है। जितनी जटिलता मध्य पूरव में दिखती है, उतना ही जटिल इसका उत्तर भी है। मसलन, मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव का निर्माण कई दशकों की रणनीतिक नीतियों का परिणाम है। अमेरिका ने क्षेत्र के कई देशों के साथ सुरक्षा समझौते किए और सैन्य ठिकाने स्थापित किए। विशेष रूप से इज़राइल के साथ उसकी घनिष्ठ रणनीतिक साझेदारी ने क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित किया। इसके अलावा सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग ने भी अमेरिका की स्थिति को मजबूत बनाया। लंबे समय तक तेल आपूर्ति की सुरक्षा और समुद्री मार्गों की रक्षा अमेरिकी नीति के प्रमुख उद्देश्य रहे। हाल के वर्षों में वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। अन्य बड़ी शक्तियाँ भी मध्य पूर्व में सक्रिय हो गई हैं। विशेष रूप से चीन और रूस ने इस क्षेत्र में अपने आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा संबंधों को मजबूत किया है। इसके साथ ही शीत युद्ध के समय



सोवियत रूस के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में आया सैन्य संगठन नाटो के सदस्य देशों में भी अविश्वास पैदा हुआ है। यह अविश्वास अमेरिकी नेतृत्व के द्वारा एक पक्षीय निर्णय और दादागीरी से उत्पन्न हुआ है। हाल के वर्षों में अमेरिकी नेतृत्व ने उग्र राष्ट्रवाद का परिचय देते हुए कई ऐसे निर्णय लिए जिसके कारण उसके पश्चिमी सहयोगियों में भारी असंतोष उत्पन्न हुआ है। यहां तक कि अमेरिकी नेतृत्व अब सहयोगियों के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ भी निर्णय लेने लगा है। इधार मध्य पूर्व के देशों में अमेरिकी दादागीरी को लेकर गोलबंदी प्रारंभ हो गयी थी। मध्य पूर्व के देश अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों को अपनी-अपनी सीमा से बाहर करना चाहते हैं। यहां तक कि इजरायल को भी अब्राहिमिक गोलबंदी में अमेरिकी हस्तक्षेप एक रोड़ा ही लगता है। दूसरी ओर चीन ऊर्जा आयात और बुनियादी ढाँचे में निवेश के माध्यम से क्षेत्रीय देशों के साथ गहरे आर्थिक संबंध स्थापित कर रहा है। यही नहीं रूस ने सुरक्षा सहयोग और सामरिक साझेदारी के माध्यम से मध्य पूरव में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास किया है। इन परिवर्तनों ने मध्य पूर्व को धीरे-धीरे एक बहुध्रुवीय प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र बना दिया है। मध्य पूर्व के कई देश अब केवल एक महाशक्ति पर निर्भर रहने के बजाय संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति अपनाने लगे हैं। वे अमेरिका के साथ पारंपरिक सुरक्षा सहयोग बनाए रखते हुए चीन और रूस के साथ भी आर्थिक और तकनीकी संबंध विकसित कर रहे हैं। साथ ही अमेरिकी सैन्य ठिकानों को अपने-अपने देश से हटाना चाहते हैं। यह रणनीति उन्हें वैश्विक शक्ति प्रतिस्पर्धा के बीच अधिक स्वतंत्रता और विकल्प प्रदान करती है। परिणामस्वरूप, क्षेत्रीय देश अब पहले की तुलना में अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी विदेश नीति तय कर रहे हैं। वैसे एकदम से ऐसा कहना कि मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा, फिलहाल जल्दबाजी होगी लेकिन उसके संकेत मिलने लगे हैं। मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति को समझने के लिए यह मानना अधिक उचित होगा कि यहाँ अमेरिकी प्रभाव समाप्त नहीं हो रहा, बल्कि उसका पुनर्संतुलन हो रहा है। अमेरिका अभी भी क्षेत्र की प्रमुख सैन्य और कूटनीतिक शक्तियों में से एक है लेकिन अब उसे अन्य वैश्विक शक्तियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना पड़ेगा। ईरान युद्ध अमेरिकी प्रभाव को कम करेगा या बढ़ाएगा, इसका अंदाजा फिलहाल लगाना कठिन है लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, वह अमेरिकी कूटनीति के लिए जटिल जरूर है। अमेरिका-इजरायल बनाम ईरान युद्ध में सबसे चौकाने वाला परिणाम यह है कि जहां एक ओर अमेरिका का धुर सहयोगी, युनाइटेड किंगडम, फ्रांस और स्पेन ने अमेरिकी आक्रमण का विरोध किया है, वहीं दूसरी ओर मध्य पूर्व के वे तमाम देश, जिन पर ईरान ने मिसाइल दागे, उन्होंने वापस ईरान पर हमला नहीं किया बल्कि कुवैत ने तो कुछ अमेरिकी विमान को मार गिराया है। इसे अमेरिकी कूटनीति की हार ही कहा जाना चाहिए। मध्य पूर्व की भू-राजनीति आज पहले से अधिक जटिल और बहुध्रुवीय हो चुकी है। अमेरिकी प्रभुत्व पूरी तरह समाप्त होता हुआ नहीं दिखता लेकिन यह स्पष्ट है कि क्षेत्रीय देशों के पास अब पहले से अधिक विकल्प हैं और वे अधिक संतुलित कूटनीति अपनाने लगे हैं। भविष्य में मध्य पूर्व की स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि वैश्विक और क्षेत्रीय शक्तियाँ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सहयोग के रास्ते को कितना मजबूत कर पाती हैं। यदि संतुलित कूटनीति और संवाद को प्राथमिकता दी जाती है तो यह क्षेत्र संघर्ष के बजाय सहयोग का नया मॉडल भी बन सकता है।

### चलती ट्रेन में चाकू मारे, नाक काटने की कोशिश, बोले- खून का बदला लेंगे

# शंकराचार्य पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर हमला



**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों से यौन उत्पीड़न की FIR कराने वाले आशुतोष महाराज पर रविवार को चलती ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ। आशुतोष महाराज ने बताया- मैं रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से गाजियाबाद से प्रयागराज जा रहा था। फर्स्ट AC कोच में बैठा था। रास्ते में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 5 बजे टॉयलेट के लिए उठा। बाहर गेट पर एक आदमी खड़ा था। आगे बढ़ा तो उसने पीछे से हमला कर दिया।





> आशुतोष ने शंकराचार्य को जवाब दिया है। उन्होंने कहा- हम एक-एक बूंद खून का बदला लेंगे। हमलावर कह रहा था कि तुम्हारी नाक काट कर अपने गुरु के चरणों में चढ़ाना है। हम उनको (शंकराचार्य) कानून से मारेंगे। वो झूठ बोल रहे हैं। अपने ऊपर कोई कैसे हमला करा लेगा। वह अपनी नाक कटवाकर देख लें।

### आशुतोष महाराज बोले- हमें सुरक्षा दी जाए, कोर्ट में सबूत पेश करेंगे

आशुतोष महाराज ने कहा- हमलावर के पास धारदार हथियार था, उस्तरा या चक्कू की तरह पैना था। वह अकेला था। बॉडी-बिल्डर की तरह था। हम बाथरूम की तरफ जा रहे थे तो वह गेट पर खड़ा था। हमने सोचा कोई यात्री है, जो अगले स्टेशन पर उतरने के लिए खड़ा है। इसी बीच उसने मुझ पर हमला किया तो मैंने बचने के लिए अपना चेहरा नीचे कर लिया। अपने बचाव में घूसे मारे। खड़ाऊं से मारा। दूसरी बोगी के लोग चिल्ला रहे थे। हमले से हमें दिखना कम हो गया है, व्हाटसऐप का मैसेज पढ़ नहीं पा रहे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे पास जो साक्ष्य हैं।

### शंकराचार्य बोले- आशुतोष महाराज को सुरक्षा दे सरकार

आशुतोष महाराज पर हमले को लेकर शंकराचार्य ने कहा- सरकार आशुतोष को सुरक्षा दे। ताकि वे हमारे खिलाफ जो भी प्रमाण कोर्ट में जमा करने जा रहे थे, उसे जमा कर सकें। हम बिल्कुल नहीं चाहते हैं कि उनके पास अगर हमारे विरुद्ध कोई प्रमाण है तो उसको रोका जाए।

# दफन शव को खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में युवक प्रियांशु वर्मा के दफन किए गए शव को रविवार को खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के पिता ने बेटे की मौत को सड़क हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई थी और जिलाधिकारी से पोस्टमार्टम कराने की अनुमति मांगी थी। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ऐनुद्दीनपुर (अंदीपुर) गांव निवासी होमगार्ड महेंद्र वर्मा ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उनका इकलौता बेटा प्रियांशु वर्मा प्रयागराज में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा था। होली के त्योहार के चलते वह तीन मार्च की देर शाम घर लौट रहा था। रास्ते में उसने एक बाइक सवार



से लिफ्ट लेकर फतेहपुर थाना क्षेत्र के डडियामऊ गांव तक सफर तय किया। परिजन उसे लेने के लिए पहुंच ही रहे थे कि इसी दौरान दशरथपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में घायल होने की सूचना मिली। गंभीर हालत में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। होली के दिन चार मार्च को बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजनों ने अंतिम संस्कार कर शव को दफना दिया था। बाद में कुछ सूत्रों से मिली जानकारी और मृतक के सिर पर चोट के निशान को देखते हुए परिजनों को हत्या की आशंका हुई। इसके बाद पिता महेंद्र वर्मा ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के आदेश पर रविवार दोपहर रामनगर तहसीलदार विपुल सिंह की मौजूदगी में दफन शव को कब्र से निकलवाया गया। इस दौरान फतेहपुर थाना प्रभारी अमित सिंह, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज चौकी इंचार्ज उमेश कुमार वर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

तहसीलदार विपुल सिंह ने बताया कि मृतक के पिता महेंद्र वर्मा ने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम कराने की अनुमति मांगी थी। प्रशासन द्वारा शव को निकल-वाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**फास्ट न्यूज**

### गंगा मेला को मेघदूत से मर्चेन्ट चेम्बर तक रूट डायवर्जन

कानपुर। कानपुर में गंगा मेला के चलते 10 मार्च 2026 को शहर में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्ट रहेगा। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें ताकि मेले के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### अब्दुल्लाह सलीम का सिर लाने पर 21 लाख देगी हियुवा

वाराणसी। वाराणसी में रविवार को हिन्दू युवा वाहिनी (भंग टीम) के पूर्व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। शहर के मैदागिन चौराहे पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अंबरीश भोला के नेतृत्व में कार्यकर्ता मैदागिन मार्ग पर एकत्रित हुए। नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर कार्यकर्ताओं ने विवादित टिप्पणी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनका-रियों ने मौलाना अब्दुल्लाह सलीम का पुतला फूंका और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

### नीले ड्रम जैसा हाल कर दूंगी : बीवी

वाराणसी। वाराणसी में युवक ने अपनी पत्नी सहित 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। युवक ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी शादी के बाद से उसके पास नहीं आई और संबंध तोड़ने की बात कह रही है। नीले ड्रम जैसा हाल करने की धमकी देती है। मैंने जब समझाना चाहा तो उसके भाई और रिश्तेदारों ने घर आकर मारपीट की। फिलहाल शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# सपा नेता ने कबाड़ में बेचा घरेलू गैस-सिलेंडर

### बोले - सिलेंडर की कीमतों के बढ़ने से बिगड़ रहा रसोई का बजट, 30 रुपए किलो खरीदा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। ईरान-इजराइल युद्ध के बीच भारत में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में उछाल आया है। जिसका विपक्ष विरोध कर रहा है।इसी क्रम में वाराणसी के पूर्व सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने अपने घर का गैस सिलेंडर कबाड़ में बेच दिया। विष्णु शर्मा ने



इस दौरान कबाड़ी से मोल-भाव किया और उससे ज्यादा पैसे देने को कहा; पर कबाड़ी ने उसे 30 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा

- वाराणसी में सपा नेता ने गैस के दामों की बढ़ोतरी का किया विरोध। कबाड़ी को बेच दिया गैस सिलेंडर।
- सपा नेता विष्णु शर्मा ने अपने घर से निकालकर गैस सिलेंडर कबाड़ी को बेचा।
- कबाड़ी के साथ गली में घूमे लोगों को किया जागरूक। कहा महंगाई से आम आदमी परेशान।

और लेकर चला गया। सपा नेता ने कहा - जिस तरह से सरकार लगातार सिलेंडर के दाम बढ़ा रही है।




### मधवा जलालपुर में तीन दिवसीय रामलीला का समापन

**श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग का हुआ भावपूर्ण मंचन**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज्र ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम मधवा जलालपुर में आयोजित तीन दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का शनिवार को भव्य समापन हो गया। इस रामलीला का आयोजन देवी शरण स्मारक युवा रामलीला समिति की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धार्मिक



मंचन का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग और माता सीता के स्वयंवर की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित



**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज़ेबरा पार्क, बाराबंकी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने की। इस दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर दिखाया गया, जिसे बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने देखा। जनपद स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिक-रण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और किशोरियों को सम्मानित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत लाभान्वित बालिकाओं, बाल विवाह की रोकथाम में विशेष सहयोग करने वाली किशोरियों, विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों तथा स्वयं सहायता समूहों के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाली समूह सखियों को प्रमाण-पत्र, शॉल और बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को समाज की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही कहा कि सरकारी योजनाओं और सामाजिक प्रयासों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनकी भूमिका को लेकर भी चर्चा की गई।

# जेब्रा पार्क में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को ज़ेबरा पार्क, बाराबंकी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष Rajrani Rawat ने की। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक देखा। जिला स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को




सम्मानित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत लाभान्वित बच्चियों, बाल विवाह की रोकथाम में विशेष सहयोग देने वाली किशोरियों, विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों तथा स्वयं सहायता समूहों के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने वाली समूह सखियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं और बालिकाओं को प्रमाण-पत्र, शॉल और बैग प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर भी विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारियों ने महिला सशक्तिक-रण को समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए ऐसी योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने की बात कही।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

पत्रांक-5080/न०पा०परि०अ० / 2025-26 दिनांक-07.03.2026

## सार्वजनिक-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर में संगठित विकास योजनान्तर्गत नई सड़क सब्जीमण्डी शहजादपुर में कुल 32 दुकान (18 दुकाने भूतल पर एवं 12 दुकानें प्रथम तल पर) एवं 01 गोदाम व 01 रेस्टोरेन्ट (रेस्तरां) का निर्माण कराया गया है। जो इण्टरलाकिंग, नाली, जलापूर्ति, विद्युतीकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हैं। उक्त दुकानों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु कार्यालय पत्रांक सं0-4457/न०पा०परि०अ० /2025-26 दिनांक-06.02.2026 को विवरण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए दिनांक-28.02.2026 एवं रसीद फार्म जमा करने की तिथि दिनांक-09.03.2026 तक एवं नीलामी की तिथि दिनांक-16.03. 2026 को किये जाने हेतु सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गयी थी। उक्त कार्य हेतु तिथि बढ़ाकर इच्छुक व्यक्ति दिनांक-18.03.2026 तक संगठित विकास योजनान्तर्गत खोले गये खाता संख्या-07830100001072 में धनराशि रू0-1100.00 जमा कर जमा रसीद कार्यालय में उपलब्ध कराकर आवंटन की विवरणिका प्राप्त कर सकते है। विवरणिका प्राप्त करने के उपरान्त विवरणिका के साथ संलग्न फार्म को भरकर एवं उपरोक्त उल्लिखित खाते में दुकान की धनराशि रू0-150000.00 व गोदाम की धनराशि रू0-300000.00 एवं रेस्टोरेन्ट (रेस्तरां) की धनराशि रू0-500000.00 जमा करके रसीद फार्म के साथ संलग्न करते हुए नगर पालिका कार्यालय में दिनांक-23.03.2026 तक जमा किया जा सकता है। नीलामी की तिथि दिनांक 28.03.2026 को निर्धारित की गयी है। उक्त आवंटन की विवरणिका प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति को आधार कार्ड/पैन कार्ड/जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा। शेष शर्तें एवं नियम विवरणिका में उल्लिखित है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष,**
**नगरपालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

## महराजगंज में दीवार पर लिखा- पत्नी-उसका आशिक जिम्मेदार, महिला SSB में नौकरी करती है

# दो बच्चों की हत्या कर पिता फंदे पर लटका

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

महराजगंज। महराजगंज में सशस्त्र सीमा बल की महिलाकर्मी के पति ने मासूम बेटा-बेटी की हत्या कर आत्महत्या कर ली। उसने दोनों बच्चों को खिड़की से रस्सी के सहारे लटकाया। फिर छत के कुंडे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

मौत से पहले पति ने कमरे की दीवार पर सुसाइड नोट लिखा- 'हमारी मौत का कारण मेरी पत्नी और उसका आशिक सोनू गौतम है। मेरे साथ रहते हुए भी वह सोनू से बात करती है। बच्चों को अपने से दूर नहीं कर सकता हूं।'

वारदात रविवार सुबह 7 बजे की है। जब पति ने बच्चों की हत्या की, तो उनकी चीख निकली। चीख सुनकर नीचे के फ्लोर में रहने वाले किराएदारों को शक हुआ। उन्होंने आवाज लगाई, तो कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। फिर वो लोग ऊपर देखने आए। दरवाजा खटखटाया, तो नहीं खुला। फिर उन्होंने महिला जवान को फोन किया। वह उस वक्त ड्यूटी पर थी।

थोड़ी देर में महिला जवान घर आई। दरवाजा खटखटाया, लेकिन नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर का सीन देखकर सभी सन्न रह गए। खिड़की के सहारे 4 साल के बेटे और 3 साल की बेटी की लाश टंगी थी। जबकि, पति का शव कमरे में कुंड से लटका था। सूचना पर पुलिस और एसएसबी के जवान भी मौके पर पहुंचे।




### बच्चे खिड़की और पति पंखे के कुंडे से लटकता मिला



वंदना ड्यूटी छोड़कर कमरे पर आई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी, तो नजारा देखकर सन्न रह गई। वह बेटा-बेटी और पति की लाश देखकर बेहोश हो गई। वंदना का पूरा परिवार खत्म हो गया। थोड़ी देर बाद जब होश में आई, तो फर्श पर लेटकर हाथ-पैर मारते हुए रोने लगी। बच्चों के शवों से लिपटकर रोते हुए फिर बेहोश हो गई।

### पति-पत्नी के पिता आपस में दोस्त थे, इसलिए शादी हुई

अमरीश के पिता स्वर्गीय मन्नू राम सैदपुर के मिर्जापुर गांव के रहने वाले थे। वह सैदपुर तहसील में अमीन के पद पर कार्यरत थे। इसी तहसील में वंदना के पिता भी अमीन थे। वह गाजीपुर के महमूदपुर गांव के रहने वाले थे। साथ काम करने की वजह से दोनों में दोस्ती थी। अपनी दोस्ती को रिश्तेदारी में बदलने के लिए दोनों उन्होंने अमरीश और वंदना की शादी तय कर दी। इसी दौरान वंदना को सीमा सुरक्षा बल में नौकरी मिल गई। इसके बाद साल- 2019 में अमरीश और वंदना की शादी हो गई। रिश्तेदारों के अनुसार, शादी के कुछ महीने बाद से ही पति-पत्नी में अनबन होने लगी थी। परिवारवालों और रिश्तेदारों के साथ कई बार बातचीत कर अमरीश और वंदना के रिश्ते सुधारने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### किराएदार को चीख-पुकार सुनाई दी

नौतनवा में 66वीं वाहिनी SSB में वंदना भारती (35) फोर्थ क्लास में तैनात है। उसकी साल-2019 में अमरेश (40) से शादी हुई थी। वंदना शादी के पहले से ही नौकरी कर रही है। वह एक साल पहले यहां आई थी, इससे पहले उसकी झारखंड में पोस्टिंग थी। वंदना यहां पति के अलावा बेटा अमरेंद्र कुमार (4) और बेटी कंचन (3) के साथ किराए के मकान की पहली मंजिल पर रहती थी।

शनिवार शाम वंदना ड्यूटी पर चली गई थी। फिर रविवार तड़के आई और घर का काम-काज निपटाने के बाद वापस ड्यूटी पर चली गई। सुबह करीब 7 बजे मकान में नीचे रहने वाले किराएदार को चीख-पुकार सुनाई दी। जब वह ऊपर गया, तो वंदना के कमरे का गेट अंदर से बंद था। इसके बाद उसने वंदना को कॉल की।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्या का वांछित भोला गिरफ्तार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। थाना नौहझील पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से दो अवैध तमंचे, सात जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार थाना नौहझील में दर्ज हत्या के मुकदमे (मु.अ.सं. 074/26 धारा 103(1) बीएनएस) में वांछित अभियुक्त भोला उर्फ हर्ष (22) पुत्र जोगेंद्र उर्फ ज्ञानी निवासी गांव सुहागपुर को 7 मार्च 2026 की रात करीब 9:40 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के किमी 69.5 के अंडरपास के नीचे से मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी नौहझील भेजा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 3 मार्च 2026 को गांव सुहागपुर में अपनी बहन के प्रेमी की दिनदहाड़े तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी थी।




■ **थाना नौहझील पुलिस एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही**

**फास्ट न्यूज**

### आगरा में मैक्स ने ऑटो में मारी टक्कर

आगरा । आगरा के थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र में मंडी समिति के पास आगरा-दिल्ली हाईवे पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार मैक्स ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी ट्रांस यमुना ने बताया कि खेड़ीपुल, फरीदाबाद निवासी 50 वर्षीय मिथलेश अपने बेटे सोनू के साथ टूंडला स्थित गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑटो से जा रही थीं।

### यूजीसी के विरोध में दिल्ली पहुंचे सवर्ण समाज के लोग

आगरा । यूजीसी के नए कानून के विरोध में सवर्ण समाज के लोग दिल्ली में होने वाले विरोध प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में आगरा से रवाना हुए। सिकंदरा से एक साथ बस और वाहनों के माध्यम से लोग राजधानी दिल्ली पहुंचे।

इस बीच, ब्राह्मण समाज के नेता पं. मदन मोहन शर्मा को पुलिस ने घर में नजरबंद कर लिया। उन्हें और उनके समर्थकों को दिल्ली जाने से रोका।

यूजीसी के नए कानून के विरोध में लंबे समय से सवर्ण समाज विरोध प्रदर्शन कर रहा है। 8 मार्च को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया था।

### मेरठ के कार्तिकेय भारद्वाज बने लेफ्टिनेंट

मेरठ । मेरठ के नेहरू रोड निवासी कार्तिकेय भारद्वाज भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। बिहार के गया स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से 7 मार्च को पास आउट होने के बाद रविवार को जब वे मेरठ स्थित अपने घर पहुंचे, तो परिवार, रिश्तेदारों और मोहल्ले के लोगों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया।

## श्री श्याम लाडला परिवार संस्था के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य श्याम फाग महोत्सव

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। शहर में श्री श्याम लाडला परिवार संस्था के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य श्याम फाग महोत्सव एवं श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस संकीर्तन में श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और पूरा वातावरण श्याम भक्ति में सराबोर हो गया। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाटिका, मसानी बाईपास लिंक रोड स्थित परिसर में किया गया। सुबह 10 बजे बाबा श्याम का अभिषेक पूजन किया गया, जबकि रात 8 बजे से भव्य श्याम संकीर्तन शुरू हुआ, जो रात्रि लगभग 2 बजे तक चलता रहा। महोत्सव में बाबा श्याम का आकर्षक एवं अलौकिक दरबार सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। संस्था के महंत पंडित भवानी गिरी ने बताया कि कार्यक्रम में फाग और भक्ति रस से ओतप्रोत भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे श्रद्धालु श्याम भक्ति में डूब गए।

भजन संध्या में दिल्ली से आईं प्रसिद्ध भजन प्रवाहक भावना स्वरांजली ने अपने मधुर भजनों से समा बांध दिया। वहीं नेहा शर्मा, सिद्धांत राज तथा अंकित लवानिया सहित अन्य भजन गायकों ने भी सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम के कीर्तन का आनंद लिया। देर रात तक भक्त भजनों पर झूमते रहे और पूरा वातावरण जयकारों से गूंजता रहा। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में महंत भवानी गिरी के साथ प्रियंक मल्होत्रा, अंकुर गोयल, शिवम गर्ग, अंशुल गोयल, लवकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, शुभम पिपलिया, मनोज अग्रवाल (धूपबत्ती वाले) तथा उमेश भदौरिया सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बलदेव , मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, जिला सेवायोजन अधिकारी सुगंधा जैन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी उपस्थित लोगों ने देखा।

इस अवसर पर विधायक पूरन प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने बाल विकास विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विभाग की महिलाएं गांव-गांव पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिला रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने कहा कि आज महिलाएं घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में इसी तरह आगे बढ़ती रहें। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को अन्य महिलाओं के सशक्तिकरण में सबसे अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित या शोषित महिला की मदद के लिए महिलाओं को सबसे पहले आगे आना चाहिए तथा परिवार की बालिकाओं को जीवन में संतुलन और गरिमा बनाए रखने के लिए शिक्षित करना चाहिए।

■ **कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी मथुरा ग्रामीण श्रीमती शशि मिश्रा, सुपरवाइजर श्रीमती मनीषा कौशल तथा फरह परियोजना की सुपरवाइजर पूनम कुंतल को पोषण पुनर्वास केंद्र में सर्वाधिक बच्चों को भर्ती कराने के लिए सम्मानित किया गया।**

## लाखों की ठगी करने वाले 5 साइबर अपराधी गिरफ्तार

# मथुरा साइबर थाना की बड़ी कार्रवाई

**पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ साइबर अपराध से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।**

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। थाना साइबर क्राइम मथुरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जन-धन खातों के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से छह मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, एक बैंक पासबुक, सात एटीएम कार्ड, एक क्यूआर कार्ड तथा दो चेकबुक बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 10:30 बजे थाना क्षेत्र हाईवे स्थित बैकुंठ विहार कॉलोनी से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज (24) निवासी श्रीनाथपुरम थाना हाईवे, मुकुल सिंह (25) निवासी जिला भरतपुर (राजस्थान), विक्रांत कुमार (23) निवासी जिला डीग (राजस्थान), पुष्पेंद्र सिंह उर्फ भूरा (24) निवासी आजाद नगर कोतवाली मथुरा तथा अनिकेत (23) निवासी जनकपुरी कोतवाली मथुरा शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी नीरज बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कृष्णा नगर शाखा में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्य करता था। वह बंद पड़े जन-धन खातों में मोबाइल नंबर बदलकर नए एटीएम कार्ड जारी कर देता था। इसके बाद आरोपी इन खातों में साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि मंगवाकर निकाल लेते थे। खातों की व्यवस्था कराने के बदले प्रत्येक खाते पर करीब 25 हजार रुपये कमीशन लिया जाता था। गिरोह के तार राजस्थान और जयपुर तक जुड़े होने की भी जानकारी सामने आई है।

**कार्रवाई करने वाली टीम:**

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक रफत मजीद, निरीक्षक अमित चौहान, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक शरद त्यागी, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, हेड कांस्टेबल देवेंद्र कुमार, अनूप कुमार, अभिनव यादव, अजेन्द्र सिंह तथा तकनीकी टीम के विवेक कुमार, गोविंद सिंह, अर्जुन सिंह और विजय सिंह शामिल रहे।

### कानपुर में भारत की जीत के लिए हवन-पूजन

कानपुर । टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में आज भारत और न्यूजीलैंड की टीमें अहमदाबाद के मैदान पर आमने-सामने होंगी। इस महामुकाबले को लेकर कानपुर में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही शहर के मंदिरों में टीम इंडिया की जीत के लिए पूजा-पाठ और दुआओं का दौर शुरू हो गया। वहीं शाम को मैच के दौरान जश्न मनाने के लिए युवाओं ने अलग-अलग इलाकों में बड़ी स्क्रीन्स लगाने और पटाखों का इंतजाम कर लिया है। औद्योगिक नगरी की गलियों में हर तरफ बस एक ही चर्चा है- आज भारत विश्व कप जीतकर इतिहास रचेगा। किदवई नगर स्थित राधा माधव मंदिर में रविवार सुबह का नजारा खास रहा। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारियों ने हवन-पूजन कर टीम इंडिया की जीत की कामना की। मंत्रोच्चार के बीच भगवान से प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करे और विश्व कप भारत लेकर आए।

# जच्चा-बच्चा की मौत पर ब्रज नर्सिंग होम में हंगामा

## परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र की चौकी बाग बहादुर इलाके में स्थित ब्रज नर्सिंग होम में शुक्रवार को जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया।

परिजनों के अनुसार गोवर्धन क्षेत्र के गांव पाडल निवासी दीपा (32) पत्नी खेमचंद को शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे प्रसव पीड़ा होने पर ब्रज नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। परिवार का आरोप है कि सुबह से शाम तक डॉक्टरों द्वारा डिलीवरी को सामान्य बताया जाता रहा, लेकिन शाम करीब 6:30 बजे अचानक जच्चा और बच्चे दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में मौजूद परिजन भड़क गए और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। बताया गया है कि दीपा की यह तीसरी डिलीवरी थी। इससे पहले उसके दो बच्चे सामान्य प्रसव से हुए थे। जच्चा-बच्चा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका का पति खेमचंद मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। मां की मौत के बाद दो छोटे बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। इस मामले में अस्पताल के डॉक्टर अवधेश अग्रवाल का कहना है कि परिजन महिला को पहले गोवर्धन के एक निजी अस्पताल लेकर गए थे, जहां बच्चे की पहले ही मौत हो चुकी थी। बाद में महिला को गंभीर हालत में ब्रज नर्सिंग होम लाया गया था। अस्पताल में सुबह से उसका उपचार किया जा रहा था और परिजनों को स्थिति की जानकारी दी जाती रही, लेकिन दुर्भाग्यवश महिला को भी नहीं बचाया जा सका।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पिंक रोजगार महाकुंभ...

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ का अवलोकन किया और वहां मौजूद युवतियों से बातचीत भी की। उन्होंने युवतियों को मेहनत और शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास से ही जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इन महिलाओं ने शिक्षा, समाज सेवा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर समाज में प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिलाओं ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेगा।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणा की गई। सरकार की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बीमा प्रीमियम और साड़ी वर्दी के लिए 3,849 लाख रुपये की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई। यह राशि डीबीटी (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से ट्रांसफर की गई, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पैसा सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे।

### नवनियुक्त मुख्य ...

मुख्यमंत्री ने सभी नव-नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करें।

### हिमाचल-विदर्भ में ...

महाराष्ट्र के अकोला में शनिवार को देश में सबसे ज्यादा 40.8C तापमान रिकॉर्ड किया गया। IMD ने आज भी अकोला, अमरावती, वर्धा और हिमाचल के सोलन, मंडी, कुल्लू, कांगड़ा में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से गर्म हवाएं आ रही हैं। जिसका असर मैदानी राज्यों में देखने को मिल रहा है। हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी बहुत कम है। इससे आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। इससे धूप का तीखापन भी बढ़ सकता है।

### 'ममता को जनता...

दरअसल, शनिवार को पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर राष्ट्रपति ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। बीजेपी ने इसे प्रेसिडेंट का अपमान बताया था।

इससे पहले रविवार को दिल्ली में पीएम ने 33500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (GPRA) रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 2,722 नए बने फ्लैट का उद्घाटन किया। इसके साथ दो नए मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन और 3 कॉरिडोर का शिलान्यास किया।

AAP सरकार का तरीका काम कम और बहाने ज्यादा करने का था। पहले दिल्ली में कई प्रोजेक्ट फाइलों में ही अटके रहते थे, लेकिन अब प्रोजेक्ट जमीन पर उतर रहे हैं।

### 2 मेट्रो कॉरिडोर का ...

सभी प्रोजेक्ट्स की कुल लागत लगभग 33,500 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने जिन दो नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन किया, वे लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर थे।

### राष्ट्रपति दौरा विवाद ...

राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें। ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी।

गोशाईपुर में जगह छोटी होने की वजह से कई लोग कार्यक्रम में नहीं आ सके। कार्यक्रम ऐसी जगह रखा गया जहां लोगों का पहुंचना मुश्किल था। ऐसा लगता है कि आदिवासी समुदाय के लोगों को कार्यक्रम में आने से रोका गया।

### लेबनान में इजराइली ...

हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल के किरयात शमोना शहर पर कामीकाजे ड्रोन हमले का भी दावा किया।

लेबनान में शनिवार रात हुए इजराइल के हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत हुई है। इसके 15 लोग घायल हुए हैं। हमलों में राजधानी बेरूत के एक होटल को भी निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे।

लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई। वहीं जबल अल-बतूम और कफ्र रुम्मान शहरों में हुए हमलों में पांच लोगों की जान गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इजराइली एयर स्ट्राइक हुई हैं। लेबनान के हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइल के हाइफा नौसैनिक अड्डे पर मिसाइल हमला किया है। संगठन के मुताबिक यह हमला लेबनान पर हो रहे इजराइली हमलों के जवाब में किया गया। हिजबुल्लाह ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने हाइफा नेवल बेस को एडवांस मिसाइलों से निशाना बनाया। संगठन ने यह भी दावा किया कि शनिवार को भी इसी ठिकाने पर हमला किया गया था।

### रंग का गुब्बारा विवाद...

आरोपियों के खिलाफ हत्या और SC/ST एक्ट में केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने 6 मार्च को उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास प्रदर्शन किया था। भीड़ ने निजामुद्दीन के घर के बाहर मौजूद वाहनों में आग लगाई थी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें नजर आ रहा है कि गली के किनारे पर कुछ लोग तरुण पर लाठी, बेट, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर रहे हैं। गली में भीड़ मौजूद है। पीड़ित परिवार तरुण को बचाने की कोशिश कर रहा है। वहीं, घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी निजामुद्दीन के घर के बाहर खड़ी कार और बाइक में आग लगा दी।

### तरुण के पिता बोले...

वहीं, पुलिस ने इस मामले में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें इमरान उर्फ बंटी (38), उमरदीन (49), जुम्मादीन (36), कमरुद्दीन (36), मुस्ताक (46), मुज्जफर (25) और ताहिर (18) के नाम हैं। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

### बच्ची ने गुब्बारा फेंका...

इसके बाद महिला वहां से चली गई। अरुण ने बताया कि कुछ समय बाद महिला के परिवार के 20-25 लोग क्रिकेट बेट, डंडे और लोहे की रॉड लेकर आए। उन लोगों ने हमला कर दिया। इस समय तरुण दोस्तों के साथ होली खेलने गया था, लेकिन वह भी लौट आया। कुछ लोगों ने तरुण पर हमला कर दिया।

आरोपियों ने तरुण को जमकर पीटा, इससे भी मन नहीं भरा तो बड़ा सा पत्थर लेकर तरुण की छाती पर मार दिया। तरुण के पिता और परिवार के अन्य लोगों से भी मारपीट की गई। बाद में गंभीर घायल तरुण को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### 7 दिन में खाड़ी देशो...

विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24×7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयर-लाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए, न्यूजीलैंड विमेंस से बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस

# अमीलिया कर ने 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

- अमीलिया कर की बॉलिंग के सामने जिम्बाब्वे 29.1 ओवर में ऑलआउट हो गई।
- अमीलिया कर वनडे पारी में 7 विकेट लेने वालीं 7वीं ही महिला क्रिकेटर बनीं।



**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यूजीलैंड विमेंस की कप्तान अमीलिया कर ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान में इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में कर ने महज 34 रन देकर 7 विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड विमेंस के लिए वनडे क्रिकेट में अब तक की बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस है। अमीलिया कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 7 विकेट लेकर जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैकी ने 1982 के विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ महज 10 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तब से कोई भी कीवी गेंदबाज एक पारी में 7 विकेट नहीं ले पाई थीं। न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पूरी टीम 102 रन ही बना पाई। ओपनर केलिस एनध्लोवु ने 12 और विकेटकीपर मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने 32 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। वहीं औड्रे माज्विशाया ने 13 और तेंदाई माकुशा ने 12 रन बनाकर जिम्बाब्वे को किसी तरह 100 रन के पार कराया। न्यूजीलैंड के लिए मौली पेनफोल्ड ने जिम्बाब्वे के टॉप ऑर्डर को तोड़ते हुए शुरुआती 3 विकेट लिए। इसके बाद कर ने मोर्चा संभाला और एक के बाद एक 7 विकेट लेकर जिम्बाब्वे की कमर तोड़ दी। ब्री इलिंग, रोजमेरी मेयर और नेन्सी पटेल कोई विकेट नहीं ले पाईं। न्यूजीलैंड ने दूसरा वनडे 8 विकेट से जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने पहला मैच 180 रन से जीता था। तीसरा मैच 11 मार्च को डुनेडिन में ही खेला जाएगा। इससे पहले व्हाइटफर्न्स ने टी-20 सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। अमीलिया कर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुनी गई थीं।

### दुनिया की 7वीं गेंदबाज बनीं अमीलिया

अमीलिया कर दुनिया की 7वीं ही गेंदबाज बनीं, जिन्होंने एक विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए। इस क्लब में पाकिस्तान की साजिदा शाह, ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी, अलाना किंग, शेली निशके, वेस्टइंडीज की अनीसा मोहम्मद और इंग्लैंड की जो चेम्बरलैन शामिल हैं।

### 17 ओवर में जीत गई न्यूजीलैंड विमेंस

103 रन का टारगेट न्यूजीलैंड विमेंस ने 16.2 ओवर में ही चेज कर लिया। कप्तान अमीलिया कर ओपनिंग करने उतरीं और 40 गेंद पर 45 रन बनाए। विकेटकीपर इजाबेला गेज 20 रन बनाकर आउट हुईं। आखिर में मैडी ग्रीन ने 27 और ब्रूक हालिडे ने 7 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। जिम्बाब्वे से औड्रे माज्विशाया और क्रिस्टाबेल चाटोन्ज्वा ने 1-1 विकेट लिया।






अमीलिया कर ने बैटिंग में 45 रन भी बनाए, वे प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं।

## ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप- लक्ष्य सेन फाइनल में पहुंचे

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई को 21-16, 18-21, 21-15 से हराया। लक्ष्य अब इस प्रतिष्ठित खिताब को जीतकर भारत का 25 साल का इंतजार खत्म करने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। इससे पहले पुलेला गोपीचंद ने 2001 में यह खिताब जीता था। लक्ष्य इस टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरी बार पहुंचे हैं। इससे पहले वह 2022 में भी फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन उपविजेता रहे थे। अब फाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी लिन चुन-यी से होगा। एक घंटे 37 मिनट तक चले इस मुकाबले के दौरान लक्ष्य को मेडिकल ब्रेक लेना पड़ा। मैच के बीच उनके पैर में छाले पड़ गए और उन्हें शरीर में ऐंठन का भी सामना करना पड़ा।

# न्यूजीलैंड विमेंस पेसर ली ताहूहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास

### कहा- टी-20 वर्ल्ड कप अगला टारगेट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज ली ताहूहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 35 साल की ताहूहू ने अपने 15 साल लंबे वनडे करियर पर ब्रेक लगाया। वे टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी, उन्होंने कहा कि उनका टारगेट इस साल जून में होने वाला वर्ल्ड कप है। ताहूहू ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। तब से वे कीवी टीम के बॉलिंग डिपार्टमेंट को लीड कर रही हैं। उन्होंने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। इस मुकाबले में उन्होंने 9 रन देकर 1 विकेट लिया। सबसे ज्यादा विकेटः वे न्यूजीलैंड की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 125 विकेट झटके। 100 मैचों का क्लबः वे न्यूजीलैंड की उन चुनिंदा 12 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से ज्यादा वनडे मैच खेले। सपना सच होने जैसा रहा सफर- ताहूहू संन्यास की घोषणा करते हुए ताहूहू भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, ₹व्हाइटफर्न्स के लिए वनडे खेलना हमेशा गर्व की बात रही। जब मैंने शुरुआत की थी, तो एक मैच खेलना भी बड़ी बात थी, लेकिन अपने देश के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलना मेरे लिए सपने जैसा है। मैं इस सफर की हर याद को संजोकर रखूंगी।

### ब्रेट रैंडेल ने पांच गेंदों में पांच विकेट लिए

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के घरेलू टूर्नामेंट प्लंकेट शील्ड में 8 मार्च को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट रैंडेल नाम के तेज गेंदबाज ने इतिहस रच दिया। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न ड्रिस्ट्रिक्ट्स के बीच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेले जा रहे मुकाबले में रैंडेल ने पहली पारी में लगातार 5 गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी गेंदबाज ने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके हैं। इससे पहले आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर ने 2021 में एक घरेलू टी-20 मैच में लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके थे। रैंडेल की गेंदबाजी से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टॉप ऑर्डर ढह गई। टीम 9 रन पर 5 विकेट गंवा बैठी, वह भी सिर्फ रैंडेल की पांच गेंदों में। रैंडेल ने अपनी दूसरी ओवर की आखिरी गेंद पर ओपनर हेनरी कूपर को बोल्ड किया। अगली ओवर की पहली गेंद पर जीत रावल को आउट किया। इसके बाद जो कार्टर को कैच आउट कराकर हैट्रिक पूरी की।

# मिडिल-ईस्ट तनाव के कारण आईसीसी की दोहा मीटिंग टली

### अब अप्रैल में हो सकती है, नई तारीख अभी तय नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 25 से 27 मार्च के बीच Doha, Qatar में प्रस्तावित अपनी महत्वपूर्ण बोर्ड और कमेटी बैठक को फिलहाल टालने का फैसला किया है। परिषद ने यह निर्णय मिडिल-ईस्ट क्षेत्र में बढ़ते तनाव और सुरक्षा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया है। अब इस बैठक के अप्रैल में आयोजित होने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि नई तारीख अभी तय नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार ICC ने अपने सभी सदस्य बोर्डों और संबंधित अधिकारियों को इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दे दी है।




परिषद का कहना है कि क्षेत्र में हालात सामान्य होने के बाद ही बैठक की नई तारीख और स्थान पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं मिडिल-ईस्ट में चल रहे संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय खेल गतिविधियों पर भी पड़ने लगा है। United States, Israel और Iran के बीच चल रहे संघर्ष का आज नौवां दिन बताया जा रहा है।

### ग्लोबल क्रिकेट से जुड़े मुद्दों पर होनी थी चर्चा

यह बैठक ICC के गवर्नेंस कैलेंडर का अहम हिस्सा थी, जिसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, विभिन्न देशों के क्रिकेट बोर्डों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कमेटी सदस्य और परिषद के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होने वाले थे। बैठक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों, भविष्य की योजनाओं और खेल के विस्तार को लेकर रणनीति पर चर्चा प्रस्तावित थी। इससे पहले ICC ने 22 फरवरी को घोषणा की थी कि बैठक का आयोजन दोहा में किया जाएगा। परिषद का मानना है।

### अहमदाबाद में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल पर रहेगी नजर

इधर आज ICC Men's T20 World Cup का फाइनल Ahmedabad के Narendra Modi Stadium में खेला जाएगा। इस मुकाबले को देखने के लिए ICC के चेयरमैन Jay Shah समेत परिषद के कई वरिष्ठ अधिकारी शहर में मौजूद रह सकते हैं। अहमदाबाद जय शाह का होमटाउन भी माना जाता है। फाइनल मुकाबले में India national cricket team और New Zealand national cricket team आमने-सामने होंगी। इस बड़े मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## मनोरंजन



शाहिद कपूर ने तस्वीर के साथ लिखा, "फर्जी 2 का पहला दिन वापस शुरू!" उनके इस पोस्ट के बाद फैंस के बीच सीरीज के दूसरे सीजन को लेकर उत्साह और बढ़ गया है।

# शाहिद ने शुरू की 'फर्जी 2' की शूटिंग

### एक्टर ने पहले दिन के शूट की फोटो शेयर कर अपना लुक दिखाया

**मुंबई।** लोकप्रिय वेब सीरीज Farzi के दूसरे सीजन की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। अभिनेता Shahid Kapoor ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने शूटिंग के पहले दिन की एक तस्वीर साझा करते हुए अपने किरदार की झलक भी दिखाई। इससे पहले फरवरी में शाहिद कपूर ने पुष्टि की थी कि 'फर्जी' का दूसरा सीजन बनने जा रहा है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर सीरीज के क्रिएटर्स Raj Nidimoru और Krishna D.K. के साथ एक तस्वीर साझा की थी। उस पोस्ट में शाहिद ने मजाकिया अंदाज में लिखा था, "नकली काम करने वाले फिर से लौट आए हैं।" धीरे-धीरे यह काम उसे एक बड़े अपराध जाल में फंसा देता है। वहीं विजय सेतुपति ने सीरीज में एक टास्क फोर्स अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो नकली नोटों के इस नेटवर्क को खत्म करने की कोशिश करता नजर आता है। अब दर्शकों को 'फर्जी 2' से भी उसी तरह के रोमांच और सस्पेंस की उम्मीद है, जैसा पहले सीजन में देखने को मिला था।



### क्रिएटर्स ने भी दिया संकेत



सीरीज के क्रिएटर्स राज और डी.के. ने भी अपने सोशल मीडिया पर नोटों की गड्डियों की तस्वीर शेयर की थी। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, "राउंड 2 चल रहा है।" इस पोस्ट को देखकर ही दर्शकों को अंदाजा हो गया था कि 'फर्जी' का अगला सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है। शाहिद कपूर पहले ही बता चुके हैं कि 'फर्जी' के दूसरे सीजन को रिलीज होने में समय लग सकता है। उनके अनुसार इस शो की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन में लंबा समय लगता है।

### पहले सीजन को मिला था जबरदस्त रिस्पॉन्स

'फर्जी' के पहले सीजन में शाहिद कपूर के साथ Vijay Sethupathi, Raashii Khanna, Kay Kay Menon, Bhuvan Arora, Regina Cassandra और Amol Palekar जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। यह सीरीज 10 फरवरी 2023 को Amazon Prime Video पर रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। सीरीज की कहानी सनी (शाहिद कपूर) नाम के एक प्रतिभाशाली कलाकार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हूबहू पेंटिंग्स और डिजाइन बना सकता है। लेकिन जब उसके नानाजी का अखबार 'क्रांति' और उनका प्रिंटिंग प्रेस कर्ज के कारण बंद होने की कगार पर पहुंच जाता है, तो सनी अपनी कला का इस्तेमाल नकली नोट बनाने के लिए करने लगता है।

# पृथ्वी शॉ ने एक्ट्रेस आकृति अग्रवाल से की सगाई

### लिखा- वह मेरी जिंदगी की परफेक्ट पारी है

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस आकृति अग्रवाल से सगाई कर ली है। इसकी जानकारी क्रिकेटर ने रविवार को दी। पृथ्वी शॉ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सगाई की तस्वीरें भी शेयर कीं और लिखा, "मैदान पर छक्कों से लेकर मैदान के बाहर पूरी जिंदगी की साझेदारी तक, वह मेरी परफेक्ट पारी है। #जस्टएंगेज्ड"। बता दें कि पृथ्वी शॉ भारत को अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले कप्तान हैं। वहीं आकृति के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। हाल ही में वो तेलुगु फिल्म ट्रिमुखा में नजर आई थीं। पृथ्वी और आकृति की सगाई पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी। पोस्ट पर सिंगर



स्टेबिन बेन, एक्टर सिद्धांत कपूर और राहुल चहार ने भी बधाई दी। आकृति अग्रवाल एक भारतीय एक्ट्रेस, मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। आकृति ने अपने करियर की शुरुआत कंटेंट क्रिएटर के रूप में की और इंस्टाग्राम व यूट्यूब पर व्लॉग, शॉर्ट वीडियो और फोटोशूट के जरिए लोकप्रियता हासिल की। आकृति हाल ही में तेलुगु फिल्म ट्रिमुखा में काम किया था। यह फिल्म 30 जनवरी को रिलीज हुई थी।

# तलाक विवाद पर थलापति विजय का पहला रिएक्शन

### कहा- जो दिक्कत है, उसकी चिंता मत करिए, मैं इसे संभाल लूंगा

**नई दिल्ली।** साउथ एक्टर और राजनेता थलापति विजय इन दिनों तलाक के चलते विवादों में हैं। उनकी पत्नी ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाते हुए तलाक की अर्जी दी है और अब एलीमनी की भी चर्चा है। इसी बीच एक्टर ने पहली बार इस पूरे विवाद पर पब्लिकली बात की है। उन्होंने फैंस से कहा है कि उनकी निजी जिंदगी में चल रहीं समस्याएं वो खुद हल कर लेंगे, इसमें समय बर्बाद करने की जरुरत नहीं है। थलापति विजय हाल ही में चेन्नई में अपनी पॉलिटिकल पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम के महिला दिवस इवेंट में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद सभी फैंस को संबोधित करते हुए तलाक के विवाद पर कहा, "हाल ही में मेरे आसपास जो समस्याएं चल रही हैं, प्लीज



उनकी चिंता मत कीजिए। वे बातें आपके समय के लायक नहीं हैं। मैं उन्हें खुद संभाल लूंगा।" आगे एक्टर ने कहा, "मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मैं देखता हूं कि मेरी वजह से आप उदास या परेशान हो जाते हैं। कृपया मेरी समस्याओं का बोझ अपने ऊपर मत लीजिए।" थलापति विजय की पत्नी संगीता सोरना-लिंगम ने हाल ही में तलाक की अर्जी दी है।

> थलापति विजय का नाम लंबे समय से साउथ एक्ट्रेस त्रिषा के साथ जोड़ा जा रहा है। तलाक की खबरें सामने आने के बाद विजय, त्रिषा के साथ एक शादी में पहुंचे। जिससे उनके रिलेशनशिप की खबरें और बढ़ चुकी हैं।



### अनिल कपूर की एक्टिंग को लेकर कहा-वे हर किरदार में अपना पूरा दम लगा देते हैं

# शाहरुख खान ने फिल्म सूबेदार की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता Shah RUKH KHAN ने अभिनेता Anil KAPOOR की फिल्म Subedaar की जमकर सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म और कलाकारों के अभिनय की तारीफ की। यह फिल्म 5 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म Amazon PRIME VIDEO पर रिलीज हुई है। फिल्ममेकर Anurag KASHYAP ने भी फिल्म की सराहना की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए कहा कि 'सूबेदार' को सिनेमाघरों में रिलीज होना चाहिए था। उनके अनुसार फिल्म को बड़े पर्दे के लिए अनामॉर्फिक फॉर्मेट में शूट किया गया है। फिल्म की कहानी रिटायर्ड सैनिक अर्जुन मौर्य के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार अनिल कपूर ने निभाया है। मध्य प्रदेश की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में दिखाया गया है।



> अनुराग कश्यप ने कहा कि निर्देशक सुरेश त्रिवेणी ने फिल्म में बुंदेलखंड और चंबल क्षेत्र के सामाजिक माहौल को प्रभावी ढंग से दिखाया है, जहां पितृसत्ता और सामाजिक ढांचे की झलक देखने को मिलती है।

### अनिल कपूर के अभिनय को बताया प्रेरणादायक

शाहरुख खान ने अपने पोस्ट में लिखा कि उन्होंने 'सूबेदार' को पूरी तरह एंजॉय किया। उन्होंने कहा कि अनिल कपूर हर किरदार में अपना पूरा दम लगा देते हैं और उनका शांत लेकिन प्रभावी अभिनय हमेशा प्रेरणादायक रहता है। उन्होंने फिल्म के एक्शन सीन की भी सराहना की।

### अन्य कलाकारों के काम की भी सराहना

शाहरुख खान ने फिल्म के अन्य कलाकारों की भी तारीफ की। उन्होंने Aditya Rawal, Saurabh Shukla, Mona Singh, Faisal Malik और Radhika Madan के अभिनय को शानदार बताया और कहा कि सभी कलाकारों ने अपने किरदारों को अलग अंदाज में निभाया है।

## ईरान-अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के बीच आया बयान

# ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी की ट्रंप को चेतावनी

**बदला**

तेहरान, एजेंसी

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच Ali Larijani ने Donald Trump को कड़ा संदेश दिया है। ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी लारीजानी ने कहा है कि ईरान अपने नेता और अपने नागरिकों की मौत का बदला जरूर लेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि "हम अपने नेता और अपने लोगों के खून का बदला लेंगे और इसके लिए ट्रंप को कीमत चुकानी पड़ेगी।" लारीजानी को Ali Khamenei का करीबी माना जाता है और उनके बयान को ईरान की सत्ता के शीर्ष नेतृत्व का संकेत माना जा रहा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ रहा है और कई देशों के बीच सैन्य गतिविधियां तेज हो गई हैं। हाल के दिनों में Iran, United States और Israel के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। लारीजानी ने दावा किया कि ईरान अमेरिकी और इजराइली ठिकानों पर हमले कर रहा है और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

**लारीजानी ने ट्रंप पर यह भी आरोप लगाया कि वह ईरान के हमलों में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या को लेकर गलत जानकारी दे रहे हैं। उनके मुताबिक, ईरान के हमलों में छह नहीं बल्कि 500 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका धीरे-धीरे मरने वालों की संख्या बढ़ाकर बताता है और कभी दुर्घटनाओं तो कभी अन्य कारणों का हवाला देकर वास्तविक आंकड़ों को छिपाने की कोशिश करता है। लारीजानी ने यह भी कहा कि कुछ अमेरिकी सैनिकों को बंदी बनाया गया है, लेकिन अमेरिका उन्हें युद्ध में मारा गया बताकर सच्चाई छिपा रहा है।**

## अमेरिकी सैनिकों को पकड़ने का दावा

इससे पहले शनिवार को लारीजानी ने एक और सनसनीखेज दावा किया था। उन्होंने कहा था कि ईरान ने कई अमेरिकी सैनिकों को पकड़ लिया है और उन्हें जेलों में रखा गया है। हालांकि इस दावे को अमेरिका ने तुरंत खारिज कर दिया। अमेरिकी सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि ईरान के ये दावे पूरी तरह झूठे हैं और यह भ्रामक जानकारी फैलाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि ईरान इस तरह के बयान देकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। खाड़ी क्षेत्र में लगातार हो रहे इन हमलों के कारण कई शहरों में हवाई हमले की चेतावनी जारी कर दी गई है।



# ईरान में इजराइली हमलों के बाद काली बारिश हुई

### तेल रिसाव से आग की नदी जैसे हालात, लेबनान में बच्चों-महिलाओं ने सड़कों पर रात गुजारी

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के बीच Iran के खिलाफ United States और Israel के हमलों का रविवार को नौवां दिन है। लगातार जारी हमलों के कारण ईरान के कई शहरों में भारी तबाही देखने को मिल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब तक इस संघर्ष में 1700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। युद्ध की वजह से कई इलाकों में हालात बेहद भयावह हो गए हैं। लगातार हवाई हमलों और सुरक्षा खतरे के कारण हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और वे सुरक्षित स्थानों की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। कई परिवार अस्थायी शिविरों या



रिश्तेदारों के यहां शरण ले रहे हैं। ईरान की राजधानी Tehran सहित कई प्रमुख शहरों में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। रिहायशी इलाकों में हमलों के कारण कई मकान ढह गए हैं और बाजारों तथा सार्वजनिक इमारतों को भी क्षति पहुंची है। स्थानीय प्रशासन और राहत एजेंसियां मलबे में फंसे लोगों को निकालने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटी हुई हैं। युद्ध के कारण आम नागरिकों की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई क्षेत्रों में बिजली, पानी और आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति भी बाधित हो गई है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भी कठिनाई हो रही है। इस संघर्ष को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। United Kingdom में शनिवार को ईरान समर्थक और अमेरिका समर्थक समूहों ने अलग-अलग मार्च निकाले। इन प्रदर्शनों में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और अपने-अपने पक्ष के समर्थन में नारे लगाए। इसी तरह कई अन्य देशों में भी युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और शांति की अपील की जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### 2 साल की बच्ची का शव उठाकर रो पड़े लोग

तेल अवीव/तेहरान। ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का शनिवार को आठवां दिन है। US-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध का असर अब आम लोगों, खासकर बच्चों पर साफ दिखाई दे रहा है। लगातार हो रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों के बीच महिलाएं अपने छोटे बच्चों को लेकर बंकरों में शरण लेने को मजबूर हैं। कई जगहों पर पब्लिक स्कूलों और इमारतों को अस्थायी शेल्टर में बदला जा रहा है।

### ईरान में इजराइली हमलों के बाद काली बारिश हुई

तेहरान/तेल अवीव। ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का रविवार को नौवां दिन है। जंग की वजह से ईरान के कई शहरों में भयंकर तबाही हुई है और 1400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह पर शरण लेने को मजबूर हैं। वहीं, दुनियाभर में इस जंग के खिलाफ और समर्थन में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। ब्रिटेन में ईरान समर्थकों और अमेरिका समर्थकों ने शनिवार को एक ही दिन मार्च निकाला।

### गर्मी से पहले एसी खरीदना हुआ महंगा

नई दिल्ली। गर्मी से पहले AC खरीदना महंगा हो गया है। AC डाइकिन, वोल्टास और ब्लू स्टार जैसी बड़ी कंपनियों ने कीमतें 15% तक बढ़ा दी है। कंपनियों का कहना है कि कच्चे माल जैसे कॉपर, एल्युमीनियम की बढ़ती कीमतों और माल ढुलाई के खर्च में इजाफे की वजह से दाम बढ़ाए हैं। 1 जनवरी 2026 से ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE) ने AC के लिए नए मानक लागू किए हैं।

## बोले- इजराइल-ईरान जंग में मिसाइलें गिरती रहीं, दवाई-खाने को तरसे, ₹1.5 लाख में वापसी टिकट मिला

# हरियाणा बीजेपी नेता 10 दिन दुबई में फंसे रहे

पंचकूला, एजेंसी

हरियाणा के भाजपा नेता 10 दिन तक पत्नी के साथ दुबई में फंसे रहने के बाद आखिरकार भारत लौट आए। BJP नेता वहां छुट्टियां मनाने गए थे, लेकिन तभी ईरान-इजरायल युद्ध शुरू हो गया और दुबई में मिसाइलें बरसने लगीं। अब स्वदेश वापसी हुई तो BJP के कई लीडर्स ने उनका स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने अपनी दुबई यात्रा के किस्से बताए। पंचकूला में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा नेता ने बताया कि वो पत्नी के साथ 23 फरवरी को दुबई घूमने गए थे। 28 फरवरी को जब लौट रहे थे तभी 2 मिसाइलें हवा में टकराई और आग का गुब्बार दूर तक दिखा। अचानक मोबाइल पर अलर्ट मैसेज भी आया तो ड्राइवर ने वापस होटल का रूख कर लिया। इरान के हमले के बाद दुबई में



हालात बिगड़ गए। वहां खाने और दवाई तक के लाले पड़ गए। कीमतें आसमान छूने लगीं। इसके बाद दुबई के एयरपोर्ट पर भी हमला हुआ तो उनकी वापसी टल गई। यहां तक की उन्हें वापसी की टिकट 10 गुना महंगे रेट में करीब डेढ़ लाख रुपए में मिली।

**बीजेपी नेता ने बताए दुबई के हालात और अपनी परेशानी**

- **पंचकूला से गए थे दुबई:** दरअसल, पंचकूला के पूर्व BJP जिलाध्यक्ष विशाल सेठ अपनी पत्नी के साथ 23 फरवरी को दुबई घूमने गए थे। जैसे ही वो 28 फरवरी को वापसी आ रहे थे ईरान-इजरायल में जंग छिड़ गई।
- **28 फरवरी को ही हमले हो गए:** टैक्सी में बैठते ही हवा में मिसाइल अटैक हुआ। ये ईरान की मिसाइल थी, जिसे दुबई के एंटी मिसाइल सिस्टम ने इंटरसेप्ट करते हुए हवा में खत्म कर दिया। इसके बाद ईरान ने लगातार अपने हमले तेज करत दिए।
- **होटलों पर गिरने लगी मिसाइल :** दुबई में ईरान के द्वारा अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया जा रहा था। जिसके चलते अमेरिका ने अपने सैनिक होटलों में शिफ्ट कर दिए। उसके बाद होटलों पर भी मिसाइल गिरने लगी। इससे भय का माहौल बन गया कि पता नहीं कब मिसाइल आ जाए। इसी डर में वे शारजहां शिफ्ट हो गए।
- **दवा खत्म हुई तो बढ़ी दिक्कत:** विशाल सेठ ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत दवा की हुई। पति-पत्नी दोनों की दवाएं चल रही हैं, वे एक सप्ताह के हिसाब से दवा लेकर गए थे। लेकिन एक सप्ताह अधिक लगने के कारण उन्हें दवाई की कमी आ पड़ी। उन्हें इंडिया में बैठे अपने जानकार डॉक्टरों की मदद लेनी पड़ी।
- **ठहरने व खाने की दिक्कतें :** विशाल सेठ के अनुसार वहां पर ठहरने के लिए हर रोज 15 से 20 हजार रुपए खर्च हो रहे थे। वहीं खाने की बड़ी दिक्कत उन्हें आई। क्योंकि रमजान का महीना चल रहा है।
- **बड़ी मुश्किल से मिली फ्लाइट:** वहां पर बड़ी संख्या में लोग फंस हुए हैं और फ्लाइट बहुत कम हैं। उन्हें भी मुंबई की फ्लाइट की बड़ी मुश्किल से टिकट मिली। वहीं वॉर जोन से बाहर तक छोड़ने के लिए फाइटर जेट साथ आते हैं।

## विदेशी निवेशकों ने 4-दिन में भारतीय-बाजार से ₹21,000 करोड़ निकाले

### ईरान-इजराइल जंग से सेंटीमेंट बिगड़ा, कच्चा तेल 92 डॉलर के पार

मुंबई, एजेंसी

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) की ओर से भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव और ग्लोबल रिस्क सेंटीमेंट बिगड़ने के कारण पिछले कारोबारी हफ्ते यानी 4 ट्रेडिंग सेशन में विदेशी निवेशकों ने बाजार से करीब 21,000 करोड़ रुपए निकाले हैं। यह बिकवाली मार्च के पहले हफ्ते (2 से 6 मार्च) के दौरान हुई है। 3 मार्च को होली के अवसर पर भारतीय बाजार बंद रहा था। खास बात यह है कि फरवरी में FPI ने भारतीय बाजार में 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों में सबसे ज्यादा था। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बिकवाली की सबसे बड़ी वजह वेस्ट एशिया में बढ़ता जियोपॉलिटिकल टेंशन है। 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए



हमले के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में सप्लाई रुकने के डर से ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 92 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई हैं। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर तेल आयात करता है। ऐसे में कच्चा तेल महंगा होना भारतीय इकोनॉमी के लिए निगेटिव माना जा रहा है। विदेशी निवेशकों की बाजार में बिकवाली की एक बड़ी वजह भारतीय रुपए में आई गिरावट भी है। डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के स्तर को पार कर गया है जब रुपया कमजोर होता है, तो विदेशी निवेशकों को डॉलर में मिलने वाला रिटर्न कम हो जाता है।

# दो जांबाज ईरानी महिलाओं ने साझा किया दमन का दौर

### न झुकीं, न डरीं, ईरान में अपने हक के लिए महिलाओं की जंग 47 साल से जारी है

तेहरान, एजेंसी

ईरानी महिला अधिकार एक्टिविस्ट मसीह अलीनेजाद कहती हैं- ईरान में जारी युद्ध और संघर्ष पर हमें दर्द भी है और उम्मीद भी। मैं नहीं चाहती कि किसी निर्दोष नागरिक को नुकसान पहुंचे। ईरानी लोगों का संदेश है कि हमें इस घायल और खूंखार शासन के भरोसे अकेला न छोड़ें। इस काम को पूरा करें (शासन परिवर्तन), वरना ये लोग निहत्थे मासूमों से बदला लेंगे। यह ईरान के लिए 'बर्लिन की दीवार' गिरने जैसा पल है। ईरान की 'मॉरैलिटी पुलिस' के डीएनए में ही महिलाओं को पीटना शामिल है। अनिवार्य हिजाब सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि महिलाओं के दमन का प्रतीक है। अगर हम इस दीवार को गिरा देते हैं, तो यह कट्टरपंथी शासन



खत्म हो जाएगा। मैं हिजाब के खिलाफ नहीं हूं, बल्कि 'जबरदस्ती' के खिलाफ हूं। महिलाओं को चुनने का हक होना चाहिए। मुझे 1994 में 18 की उम्र में सरकार विरोधी पर्चे बांटने पर गिरफ्तार किया गया था। 2007 में देश छोड़ना पड़ा। 2014 में मैंने 'माई स्टेल्थी फ्रीडम' नाम से फेसबुक पेज शुरू किया, जहां ईरानी महिलाएं बिना हिजाब और अपने संघर्ष की तस्वीरें निडर होकर साझा करती हैं। 80% ईरानी बदलाव चाहते हैं। इस्लामी गणराज्य ने हमसे सब कुछ छीन लिया है, सिवाय उम्मीद के। संसद की 299 सीटों में से 9 पर ही महिलाएं हैं और वे भी शासन की समर्थक हैं, न कि महिलाओं की रक्षक। इस बार शासन के खिलाफ प्रदर्शनों में मध्यम वर्ग और छात्र शामिल हैं। वर्तमान बदलाव उम्मीद जगाता है। सिर्फ मैं ही नहीं, ज्यादातर ईरानी खुश हैं। इस शासन ने मेरे लोगों को मारा और फांसी पर लटकाया है। ईरान में लोग खुशी से नाच रहे थे और उन प्रियजनों की कब्रों पर गए, जिन्हें शासन ने मार दिया था। मेरी दो बहनें, जिन्हें शासन ने अंधा कर दिया था, वे भी सड़कों पर खुशी से झूम उठीं। मैं और मेरी जैसी लाखों महिलाएं न झुकीं और न ही डरीं। संघर्ष जारी है और रहेगा।

## यूएई रक्षा मंत्रालय का दावा-सभी 16 मिसाइलें रोकीं, एक समुद्र में गिरी, अधिकांश ड्रोन भी नष्ट किए गए

# यूएई का ईरान पर बड़ा आरोप: 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 से अधिक ड्रोन दागे

दुबई, एजेंसी

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच United Arab Emirates ने Iran पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यूएई का दावा है कि रविवार को ईरान ने नए हमलों में 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 से अधिक ड्रोन दागे। यूएई के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश की एयर डिफेंस प्रणाली ने सभी 16 बैलिस्टिक मिसाइलों को रास्ते में ही रोक दिया, जबकि एक अतिरिक्त मिसाइल समुद्र में गिर गई। मंत्रालय का कहना है कि बड़ी संख्या में भेजे गए ड्रोनों में से अधिकांश को भी हवा में ही नष्ट कर दिया गया। हालांकि चार ड्रोन यूएई की सीमा के भीतर आकर गिरे। यूएई के आधिकारिक बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ये हमले किन क्षेत्रों को निशाना बनाकर किए गए थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश की सुरक्षा एजेंसियां पूरी



तरह सतर्क हैं और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के हमलों के आरोपों से पूरे मध्य-पूर्व क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है। पहले से ही Israel, United States और Iran के बीच चल रहे संघर्ष ने हालात को संवेदनशील बना दिया है। ऐसे में यदि हमलों और जवाबी कार्रवाई का सिलसिला जारी रहता है तो इसका असर पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता पर पड़ सकता है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है। कई देशों और संगठनों ने क्षेत्र में शांति बनाए रखने और तनाव कम करने की अपील की है, ताकि स्थिति और ज्यादा गंभीर न हो। फिलहाल यूएई की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए पूरी तरह सतर्क बनी हुई हैं।



### ईरान की चेतावनी के बाद बढ़ा तनाव

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब हाल ही में Masoud Pezeshkian के नेतृत्व वाली ईरानी सरकार की ओर से चेतावनी दी गई थी कि यदि Israel और United States की ओर से हमले जारी रहते हैं, तो पूरे क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन घटनाओं के बाद मध्य-पूर्व में सुरक्षा स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो सकती है। क्षेत्र में पहले से जारी संघर्ष के बीच ऐसे हमले पूरे इलाके में अस्थिरता बढ़ाने की आशंका पैदा कर रहे हैं।

**मंत्रालय ने यह भी कहा कि यूएई अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।**

## राहत : भारत के पास 4,000 करोड़ लीटर तेल, सरकार बोली ये 8 हफ्तों के लिए काफी

# देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के दौरान भारत को कच्चे तेल की कमी नहीं होगी। भारत के पास अभी कच्चे तेल और रिफाइंड पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का 25 करोड़ बैरल (लगभग 4,000 करोड़ लीटर) से ज्यादा का स्टॉक है। सरकार की रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए, तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की कोई टेंशन नहीं है। यह रिपोर्ट उन दावों को खारिज करती है जिनमें कहा गया था कि भारत के पास केवल 25 दिनों का रिजर्व बचा है। सरकार ने साफ किया है कि भारत की ऊर्जा



सुरक्षा अब किसी एक रूट या देश पर निर्भर नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा। इससे भारत में कच्चे तेल की कमी की संभावना नहीं है। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है। सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा किया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की LPG गैस अब 913 रुपए की मिल रहा है। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है।

### *10 साल में 27 से बढ़कर 40 देशों तक पहुंच बढ़ी*

*रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की एनर्जी खरीद पूरी तरह से 'राष्ट्रहित' पर आधारित है। पिछले 10 सालों में भारत ने अपने तेल सोर्सिंग के दायरे को काफी बढ़ाया है। एक दशक पहले भारत केवल 27 देशों से तेल खरीदता था, जो अब बढ़कर 40 हो गए हैं। वैश्विक स्तर पर तनाव के बावजूद भारत ने अपनी जरूरतों के लिए नए रास्ते तलाशे हैं।*

**आम जनता को महंगाई से बचाने के लिए सरकारी तेल कंपनियों ने भारी नुकसान उठाया है। रिपोर्ट के अनुसार, पब्लिक सेक्टर की कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल पर 24,500 करोड़ रुपये और एलपीजी (एलपीजी) पर करीब 40,000 करोड़ रुपये का घाटा खुद सहा, ताकि रिटेल कीमतें न बढ़ें। सरकार का दावा है कि पिछले 12 सालों में देश का एक भी पेट्रोल पंप ड्राई नहीं हुआ है।**

### हॉर्मुज पर निर्भरता कम हुई

दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री रास्तों में से एक 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को लेकर अक्सर चिंता जताई जाती है, लेकिन भारत ने अपनी रणनीति बदल ली है। अब भारत का केवल 40% कच्चा तेल इस रास्ते से आता है। अमेरिका और मध्य एशिया जैसे वैकल्पिक रास्तों से आता है। रिपोर्ट के मुताबिक वे दिन अब नहीं रहे जब भारत की एनर्जी सिक्योरिटी किसी एक समुद्री रास्ते पर निर्भर थी।

### 4 साल से स्थिर हैं कीमतें: पाकिस्तान में 55% तो जर्मनी में 22% बढ़ा दाम

पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (PPAC) के आंकड़ों के हवाले से बताया गया कि भारत में पिछले चार सालों से पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। फरवरी 2022 से फरवरी 2026 के बीच दिल्ली में पेट्रोल की कीमतों में 0.67% की मामूली गिरावट आई है।

# अनिल अंबानी पर ₹1,085 करोड़ की धोखाधड़ी का नया केस

### पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCom) के पूर्व डायरेक्टर अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। ANI के अनुसार ये कार्रवाई पंजाब नेशनल बैंक (PNB) की शिकायत पर की गई है। बैंक का आरोप है कि अनिल अंबानी और उनकी कंपनी ने 2013 से 2017 के बीच बैंक के साथ 1,085 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। CBI ने इस मामले में IPC की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120B (आपराधिक साजिश) के तहत FIR दर्ज की है। PNB के मैनेजर संतोषकृष्ण अन्नवरपु की शिकायत के अनुसार, अनिल अंबानी और कंपनी के अन्य निदेशकों ने बैंक से लिए गए फंड का गलत इस्तेमाल किया। FIR में



कहा गया है कि आरोपियों ने PNB को 621.39 करोड़ रुपए और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (जिसका अब PNB में विलय हो चुका है) को 463.80 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया है। बैंक का दावा है कि कंपनी ने लोन की रकम को उन जगहों पर निवेश किया या भेजा, जिसकी जानकारी बैंक को नहीं दी गई थी। इससे पहले फरवरी में भी अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCOM) के खिलाफ CBI ने धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96